●वर्ष : 16 ●अंक : 267 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 19 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

### मुंबई हवाई अड्डे पर 26 करोड़ रुपये की संदिग्ध कोकीन जब्त

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने शुक्रवार को यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 26.62 करोड़ रुपये का 2.6 किलोग्राम संदिग्ध कोकीन जब्त किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैरोबी से आए एक यात्री के थैले में सफेद पाउडर जैसा पदार्थ पाया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर की गई जांच से पता चला कि यह कोकीन है और पुष्टि के लिए इसे आगे के परीक्षण के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। पाउडर को थैले की बाहरी और भीतरी परतों के बीच छिपाया गया था।

# नई दिल्ली विधानसभा में प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल पर हमला

### >> गाड़ी पर फेंके गए पत्थर

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला किया गया है। उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके गए, जिससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू



कर दी है। वहीं, बीजेपी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से 2 युवाओं को टक्कर मारी है। 'आप' की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल पर परवेश वर्मा के गुंडों ने हमला किया है। नई दिल्ली विधानसभा में प्रचार करते वक्त यह हमला किया गया है. स्थानीय लोगों से परवेश वर्मा के गुंडों की झड़प हुई है। स्थानीय लोगों ने बीजेपी के गुंडों को भगाया दिया है। बीजेपी वालों, तुम्हारे इस कायराना हमले से केजरीवाल जी डरने वाले नहीं हैं, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी। वहीं, परवेश वर्मा की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि सवाल पूछती जनता पर अरविंद केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से 2 युवाओं को मारी टक्कर। दोनों को लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल ले कर गए हैं। हार सामने देखकर लोगों की जान की कीमत ही भूल गए. मैं हॉस्पिटल जा रहा हूं।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मयार्दा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा। आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन। हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## सैफ अली खान हमला मामला

# मुंबई पुलिस ने मध्यप्रदेश से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया



नूना न्यूज एजेंसी।

**मुंबई।** पुलिस ने सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में एक संदिग्ध को मध्यप्रदेश से हिरासत में लिया है. पुलिस को सूचना मिली थी कि संदिग्ध एक ट्रेन में यात्रा कर रहा था, जिसके बाद लोकल पुलिस की मदद से उसे ट्रेन से उतार लिया गया। फिलहाल, पुलिस जांच कर रही है, लेकिन अब तक इस मामले में ठोस सबूत नहीं मिले हैं। आरपीएफ के सूत्रों के अनुसार, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन से एक संदिग्ध को पकड़ा गया है। मुम्बई पुलिस की सूचना पर आकाश नाम के संदिग्घ को हिरासत में लिया गया है. मुंबई पुलिस ने ही आरपीएफ को संदिग्ध की तस्वीर और ट्रेन नंबर की जानकारी भेजी थी. फिलहाल मुंबई पुलिस ही इस संदिग्ध की पहचान करेगी. फिलहाल आकाश आरपीएम की हिरासत में है। एक्टर सैफ अली खान पर जानलेवा हमले की घटना 16 जनवरी को हुई उसके बाद से मुंबई पुलिस जांच में जुट गई. इस केस में कई लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है. ऐसे में एक खबर और आई है कि मुंबई पुलिस ने मध्य प्रदेश से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। इस संदिग्ध से पूछताछ की जाएगी और मामले में इसकी भूमिका की जांच जारी है. बता दें कि इस मामले में पुलिस अब तक करीब 50 लोगों से पूछताछ कर चुकी है. मामले में 35 टीमें लगाई गई हैं, जो आरोपी का सुराग ढूंढने में लगी हुई हैं।

### ›› क्या है पूरा मामला?

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई स्थित उनके घर में कई बार चाकू से हमला किए जाने के दो दिन बाद, मध्य प्रदेश में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है पुलिस ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि संदिग्ध व्यक्ति वही है जिसने गुरुवार की सुबह अभिनेता के बांद्रा स्थित आलीशान घर में घुसकर उन पर हमला किया था। 54 वर्षीय अभिनेता को गर्दन और रीढ़ के पास चाकू से कई घाव लगे थे उन्हें ऑटोरिक्शा में लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई सूत्रों ने बताया, "मुंबई पुलिस को सूचना मिली थी कि जिस संदिग्ध की वे तलाश कर रहे थे, वह एक एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहा था जिसके बाद स्थानीय पुलिस के साथ यात्री को ट्रेन से उतार दिया गया।

## समाचार

### कौशांबी: हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**कौशांबी।** जिले की एक अदालत ने हत्या के आरोपी एक व्यक्ति को शुक्रवार को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि 24 दिसंबर 2005 को जिले के सैनी क्षेत्र में रामकुमार यादव के बेटे राम सुमेर यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में एक उच्चतम माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राम सिंह के बेटे तेज सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि राम सिंह का अपने बेटे तेज सिंह से विवाद रहता था। सुमेर यादव राम सिंह के इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। सिंह जब कहीं आते-जाते थे, तो यादव को साथ ले जाते थे। इस बात को लेकर तेज सिंह उससे चिढ़ता था और इसी रंजिश में उसने यादव की गोली मारकर हत्या कर दी।

## 13 फरवरी का दिन बड़ा खास रहने वाला है!

# साबरमती के डिब्बों को जलाने वालों को होगी फांसी?



### ››› रेकॉर्ड डिजिटल तौर पर पेश किए जाएं: कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हर मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए। एक व्यक्तिगत दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। जस्टिस महेश्वरी बार-बार स्थगन के अनुरोध पर नाराज दिखे और कहा कि इस मामले की सुनवाई उनके ऑफिस में होनी चाहिए और अगली सुनवाई की तारीख पर पक्षों को अपनी दलीलें शुरू करनी होंगी। जो भी रेकॉर्ड गुजराती भाषा में हैं उन्हें अंग्रेजी में अनुवाद किया जाए। उन्हें डिजिटल तौर पर उपलब्ध कराएं ताकि सभी पक्षों को रेकॉड्र्स मिल सकें।

### ››› 27 फरवरी 2002 का मामला

साबरमती एक्सप्रेस के स6 कोच में आग लगने से 58 लोगों की मौत हो गई थी। उनमें अयोध्या से लौट रहे कारसेवक शामिल थे। गोधरा कांड ने गुजरात में सांप्रदायिक दंगों को भड़का दिया था। मार्च 2011 में ट्रायल कोर्ट ने 31 लोगों को दोषी ठहराया, जिनमें से 11 को मृत्युदंड और शेष 20 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 63 आरोपी बरी कर दिए गए थे। 2017 में गुजरात हाई कोर्ट ने 11 दोषियों की मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदल दिया। 20 को दी गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा था।

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और कई अन्य दोषियों द्वारा दायर अपील पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा।जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने इस मामले को बार बार टालने की मांग पर असंतोष व्यक्त किया। जस्टिस महेश्वरी ने कहा कि हमने 5-6 बार स्थगन दिया है। पिछले एक साल से मैं इस मामले को स्थगित कर रहा हूं।' शुरूआत में याचिकाकर्ता/आरोपियों के वकीलों ने कई बिंदु उठाए, जिनमें यह भी शामिल था कि दोषी व्यक्तियों की क्षमा याचिकाएं राज्य के समक्ष लंवित हैं।

# 'इससे लोगों को मालिकाना हक मिलेगा...',

## संपत्ति कार्ड का वितरण करने के दौरान बोले पीएम मोदी



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्डों का वितरण किया एवं वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से लाभार्थियों से बातचीत की. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन देश के गांवों के लिए, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही ऐतिहासिक है. आज 65 लाख कार्ड वितरित किए जाने के बाद अब गांवों में लगभग 2.24 करोड़ लोगों के पास स्वामित्व संपत्ति कार्ड होंगे. 5 साल पहले स्वामित्व योजना शुरू की गई थी, ताकि गांवों में रहने वालों का उनका कानूनी प्रमाण दिया जा सके. बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को ये स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं. आज इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को ये स्वामित्व कार्ड मिले हैं। पीएम मोदी वर्चुअल मोड में इस इवेंट में शामिल हुए, जबकि फील्ड पर 13 केंद्रीय मंत्रियों ने मोर्चा संभाला. जिन 12 राज्यों में यह कार्ड बांटे गए, उनमें से 230 जिलों के 50 हजार से ज्यादा गांव शामिल हैं. अब 2 करोड़ से ज्यादा लोगों का संपत्ति कार्ड तैयार किया जा चुका है।

### ›› 21 वीं सदी की बड़ी चुनौती- प्रॉपर्टी राइट्स

प्रॉपर्टी राइट्स की महत्ता को बताते हुए पीएम मोदी ने कहा, '21वीं सदी की दुनिया में क्लाइमेट चेंज, पानी की कमी, स्वास्थ्य का संकट, महामारी.. ऐसी कई चुनौतियां हैं, लेकिन विश्व के सामने एक और बड़ी चुनौती रही है और ये चुनौती है- प्रॉपर्टी राइट्स की. कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के अनेक-अनेक देशों में भू-संपत्ति को लेकर एक स्टडी की थी। इस स्टडी में सामने आया कि दुनिया के अनेक देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के कानूनी दस्तावेज है ही नहीं। संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा कि अगर गरीबी कम करनी है, तो इसके लिए प्रॉपर्टी राइट्स होना बहुत जरूरी है।

### ›› ड्रोन से कराई देश के गांव-गांव में जमीनों की मैपिंग

पीएम मोदी ने इशारों ही इशारों में कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए कहा, 'पहले की सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए. इसलिए 2014 में जब हमारी सरकार बनी, तो हमने प्रॉपर्टी के कागज की इस चुनौती से निपटने को ठानी और हमने स्वामित्व योजना शुरू की. हमने तय किया कि ड्रोन की मदद से देश के गांव-गांव में घरों की जमीनों की मैपिंग कराई जाएगी गांव के लोगों को उनकी आवासीय संपत्ति के कागज दिए जाएंगे।

ग्राम पंचायतों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का प्रयास कर रही है. स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहा है। अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायतों की मुश्किलें भी दूर होंगी और वो भी आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएंगी. इससे आपदा की स्थिति में उचित क्लेम मिलना भी आसान होगा।

## कोलकाता रेप कांड... आ गया कोर्ट का बड़ा फैसला

नूना न्यूज एजेंसी।

**कोलकाता।** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद, पूर्व सिविल स्वयंसेवक संजय रॉय ने सियालदह अदालत को बताया कि उन्हें मामले में झूठा फंसाया गया था। संजय रॉय को अस्पताल के सेमिनार हॉल के पास घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद किया गया था, जहां डॉक्टर की हत्या हुई थी, ने शनिवार को दावा किया कि अपराध के दोषियों पर मुकदमा नहीं चलाया गया। मुझे झूठा फंसाया गया है। मैंने ऐसा नहीं किया है, जिन लोगों ने ऐसा किया है उन्हें जाने दिया जा रहा है। अदालत ने दोषी से कहा कि उसे सोमवार को बोलने की अनुमति दी जाएगी, जब वह उसकी सजा की अवधि की घोषणा करेगी। आरोपियों पर सोमवार को सुनवाई होगी। अब उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उनकी सजा का ऐलान सोमवार को किया जाएगा। जज ने कहा मैंने मामले की सुनवाई के लिए 12:30 बजे का समय तय किया है। पिछले साल नवंबर में बंद कमरे में सुनवाई शुरू होने के करीब दो महीने बाद फैसला सुनाया गया। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, जो बलात्कार को नियंत्रित करती है, और अधिनियम की धारा 66 और 103 (1), जो हत्या के लिए सजा से संबंधित है, के तहत दोषी ठहराया गया था। बीएनएस की धारा 103 (1) में अधिकतम सजा मौत या आजीवन कारावास है। पीड़िता के माता-पिता ने दोषी फैसले के लिए न्यायाधीश को धन्यवाद दिया और कहा कि अदालत ने उनके भरोसे का सम्मान किया है। यह मामला 9 अगस्त को 28 वर्षीय स्नातकोत्तर मेडिकल प्रशिक्षु के कथित बलात्कार और हत्या से जुड़ा है, जिसका मृत शरीर अस्पताल के सेमिनार कक्ष में पाया गया था।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

### ››› महाकुंभ के छठे दिन पूजा-अर्चना की

नूना न्यूज एजेंसी।

**उत्तर प्रदेश।** के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। महाकुंभ में हजारों लाखों लोग रोजाना संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहे है। इसी बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के छठे दिन त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई है। डुबकी लगाने के बाद राजनाथ सिंह ने पवित्र गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती नदियों के संगम पर पूजा-अर्चना की। रक्षा मंत्री के साथ भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी और पार्टी के अन्य



नेता भी थे। इससे पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में अपनी यात्रा की घोषणा की थी। राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, "आज, 18 जनवरी को, मैं महाकुंभ 2025 में भाग लेने के लिए प्रयागराज में रहूंगा। महाकुंभ भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। इस पवित्र संगम में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को सुबह 10 बजे तक 1.98 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री महाकुंभ मेले में आए। आंकड़ों के अनुसार, महाकुंभ मेले के छठे दिन 10 लाख से अधिक कल्पवासियों और 9.84 लाख तीर्थयात्रियों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। शुक्रवार, 17 जनवरी तक के आंकड़ों के अनुसार, अब तक 73 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री महाकुंभ मेले में आ चुके हैं। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और इस आयोजन में कई नामचीन नाम भी शामिल हो रहे हैं। सोमवार को महाकुंभ के शुभारंभ के साथ ही देश-विदेश से श्रद्धालु मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पहले अमृत स्नान (पवित्र डुबकी) में भाग लेने के लिए प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर उमड़ पड़े। भारतीय और विदेशी दोनों ही तरह के श्रद्धालुओं ने पवित्र परंपरा में खुद को डुबोया और दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम में अपना योगदान दिया। त्रिवेणी संगम के आसपास का माहौल भक्ति से भर गया क्योंकि विदेशी तीर्थयात्री मेले की आध्यात्मिक ऊर्जा में शामिल हुए। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए विदेशी श्रद्धालु भजन गाने के लिए एकत्र हुए और भक्तिमय माहौल में घुलमिल गए। संगम पर देश भर से विभिन्न जातियों, वर्गों और भाषाओं के करोड़ों तीर्थयात्री कल्पवास की सदियों पुरानी परंपरा में भाग ले रहे हैं। अमीर हो या गरीब, व्यापारी हो या अधिकारी, पुरुष हो या महिला या ट्रांसजेंडर, हर कोई अपने मतभेदों को भूलकर भक्ति की भावना में एकजुट होकर संगम में पवित्र डुबकी लगाने में जुट जाते है।

## समाचार

### स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम में ग्रामीणों को सौपे स्वामित्व कार्ड




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को नगर के ब्लॉक सभागार में स्वामित्व कार्ड वितरण कार्यक्रम के द्वारा दर्जनों ग्रामीणों को स्वामित्व कार्ड दिए गए, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक पुत्र एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़गवंशी द्वारा दर्जनों ग्रामीणों को यह स्वामित्व कार्ड दिए गए, इस मौके पर विधायक पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "स्वामित्व योजना" के 65 लाख से अधिक लाभार्थियों को संपत्ति-कार्ड का वितरण किया गया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में स्वामित्व योजना 24 अप्रैल 2020 को शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य गांवों में रहने वालों लोगों को उनकी संपत्ति का कानूनी प्रमाण दिया जा सके। बीते 5 वर्ष में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों से अधिक को स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। देवेंद्र खड़गवंशी ने बोलते हुए कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से गाँवों के चौमुखी विकास के सुगम मार्ग प्रशस्त होंगे तथा स्वामित्व और भू-आधार व्यवस्थाएं गांवों के स्वर्णिम युग का आधार बनेंगी। इस मौके पर मुख्य रूप से हसनपुर ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर,उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव,नायब तहसीलदार भरत प्रताप सिंह, विकास खंड अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल, एपीओ हरीश राज चौहान एवं विकासखंड क्षेत्र से आए दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### कई महीनो से फरार चल रहे बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया



**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**

**बस्ती कलवारी।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह के द्वारा अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम में चलाए गए अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद के नेतृत्व में बलात्कार के आरोपी शिवम पुत्र श्रवण कुमार अभियुक्त को अक्सड़ा तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, कांस्टेबल विनीत यादव, कांस्टेबल उमाशंकर यादव, का0 प्रणव पांडेय, का0 कादीर खान।

### गोवंश को हरा चारा उपलब्ध कराने के लिए किसानों को करें प्रेरितः मुख्यमंत्री



**लखनऊ, 18 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने गोवंश के लिए हरे चारे की अधिकाधिक उपलब्धता के लिए किसानों को प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रेरित करने के लिए गोष्ठी का आयोजन भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि किसानों से हरा चारा खरीद कर गोशालाओं को उपलब्ध कराया जाए, इससे किसानों की आय में वृद्धि भी होगी। उन्होंने कहा कि जिले में हरे चारे की खपत का आंकलन किया जाए। इसके बाद मांग के अनुसार हरे चारे के उत्पादन के लिए किसान और एफपीओ से संपर्क किया जाए। इस दौरान किसानों को हरे चारे के उत्पादन के लिए प्रेरित करने के साथ उन्हे उचित रेट भी दिया जाए। इससे हरे चारे के उत्पादन के प्रति किसानों का रुझान बढ़ेगा। साथ ही उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। इसकी जिम्मेदारी जिलाधिकारी को दी जाए। सीएम ने अधिकारियों को भूसे और हरे चारे के लिए वेयरहाउस बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मकई, ज्वार, बाजरा और बरसीम आदि हरा चारा तीन से चार माह चल जाता है। ऐसे में इसके लिए वेयरहाउस बनाएं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी जिलाधिकारी को सौंपने के निर्देश दिये ताकि उसकी प्रापर मॉनीटरिंग हो सके।

### महाकुम्भ के कुशल संचालन के लिए रक्षा मंत्री ने सीएम योगी को दी बधाई



**महाकुम्भ नगर, 18 जनवरी।** महाकुम्भ 2025 के कुशल संचालन को लेकर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर सराहना की और उन्हें साधुवाद दिया। अपने प्रयागराज दौरे पर त्रिवेणी संगम मैं आस्था की डुबकी लगाने के बाद रक्षा मंत्री ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन और सबसे बड़े जन समागम का कुशल संचालन जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया गया है वह सराहनीय है। जिस श्रद्धा भाव से यह आयोजन किया जा रहा है उसके लिए मुख्यमंत्री को साधुवाद देता हूं। प्रशासनिक दृष्टि से भी यह आयोजन ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं।

# ऐप्जा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी का पीलीभीत में आकस्मिक दौरा

## पूरनपुर दरोगाओं द्वारा ऐप्जा प्रभारी के साथ बदसलूकी करने के मामले ने पकड़ा तूल

**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा**



**पीलीभीत पूरनपुर।** बीते दो दिन पहले बाइक सवार पूरनपुर के दो दरोगाओं ने ऐप्जा संगठन के तहसील प्रभारी के साथ परिचय देने के बावजूद बदसलूकी कर चोर बताते हुए जेल भेज देने की धमकी देकर कोतवाली से पुलिस की गाड़ी बुला लेने के मामले को ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने काफी गंभीरता से लिया है मिली जानकारी के अनुसार वह किसी भी समय पीलीभीत के दौरे पर आ सकते हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार लखनऊ से जरूरी काम कर वापस लौट रहे ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन की तहसील पूरनपुर इकाई के प्रभारी सबलू खान पर पूरनपुर के दो दरोगाओं ने परिचय जानने के बाद भी पुलिसिया रौब झड़ते हुए तहसील प्रभारी को चोर बताकर जेल भेज देने की धमकी देते हुए थाने से पुलिस की गाड़ी बुलवा ली तथा अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए काफी बेइज्जत किया और जेल में सड़ा देने की धमकी देते रहे थाने से पुलिस गाड़ी में एक पुलिसकर्मी सबलू खान को पहचानता था उसके कहने पर दोनों दरोगाओं ने बमुश्किल एप्जा के तहसील प्रभारी को घर जाने दिया। इस प्रकरण की जानकारी होने पर एप्जा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी रमेश चन्द्र दद्दा सबलू खान व एप्जा तहसील अध्यक्ष को साथ लेकर कोतवाल नरेश त्यागी से मिले कोतवाल ने इस मामले को काफी हल्के में लिया। एप्जा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र दद्दा ने बताया कि चीफ कोऑर्डिनेटर माननीय अनुराग सारथी जी ने उत्तर प्रदेश के जनपदों में चल रहे संगठनात्मक दौरों को बीच में स्थगित करते हुए एक-दो दिन के अंदर पीलीभीत पहुंचने की बात कही है तथा उन्होंने इस बात की आशंका भी जताई है कि पूरनपुर पुलिस बदले की भावना से ग्रसित हो जानबूझकर सबलू खान को फंसाने का प्रयास तो नहीं कर रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया की एप्जा तहसील प्रभारी के साथ बदसलूकी करने वाले दरोगाओं के खिलाफ दण्डात्मक विभागीय कार्रवाई अगर नहीं की जाती है तो चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी जी आन्दोलनात्मक निर्णय भी ले सकते हैं।

## गजरौला बिजली घर पर भाकियू लोकहित ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**गजरौला।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन लोकहित ने गजरौला बिजली घर पर धरना प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन एक्सईन को दिया, सर्वप्रथम बैठक आयोजित की गई जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष सूरज सैनी ने संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की, मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सतपाल यादव ने किसानों की बिजली से संबंधित समस्याओं का मुद्दा उठाया, राष्ट्रीय सलाहकार कैलाश त्यागी ने किसानों की जमीन से संबंधित समस्याओं का मुद्दा उठाया, मंडल सचिव विक्की सिंह ने आवारा पशुओं को लेकर चर्चा की, जिला उपाध्यक्ष राजीव त्यागी ने किसानों की केवाईसी में हो रही समस्याओं का मुद्दा उठाया, जिला प्रभारी अरुण कुमार ने गांव में बंदरों के आतंक का मुद्दा उठाया और कहां कि किसानों के साथ किसी भी विभाग में अन्याय नहीं होने दिया जाएगा, वही विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा मीटर में गड़बड़ी कर अत्यधिक बिल निकाले जाने वह सही करने के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए इस पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर एक्सईन को ज्ञापन दिया, इस मौके पर कैलाश त्यागी, सतपाल यादव, राजीव त्यागी, ओमपाल यादव, फारूक सैफी, मोहम्मद ताहिर, विक्की सिंह, अरुण कुमार, अनुज यादव, सूरज सैनी आदि सहित दर्जनों भारतीय किसान यूनियन लोक हित के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा में सवार युवती के साथ छेड़खानी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।

**संवाददाता मंजीत शर्मा**




पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी क्षेत्रान्तर्गत ई-रिक्शा में सवार युवती के साथ हुयी छेड़खानी की घटना के सम्बन्ध में तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुये आरोपी गिरफतार।

**पीलीभीत।** ई-रिक्शा में सवार युवती के साथ छेड़खानी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार। थाना बरखेड़ा क्षेत्र की रहने वाली युवती जो नर्सिंग कॉलेज में छात्रा है तथा अनुभव के लिए सरकारी अस्पताल में काम कर रही है जो सरकारी अस्पताल जा रही थी साथ में ई-रिक्शा पर बैठे लड़के ने युवती के साथ छेड़ छाड़ करने लगा तभी युवती ई-रिक्शा से कूद गई। युवती द्वारा तत्काल थाने में शिकायतीपत्र देकर कार्रवाई की मान की।घटना के त्वरित अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 05 टीमों का गठन किया गया।गठित टीमों द्वारा सीसीटीवी कैमरों की सहायता से अभियुक्त की पहचान सुनिश्चित कर मात्र 06 घंटे अन्दर किया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। जनपद


## राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रयास से मझोलावासियों की बरसों पुरानी समस्या हुई हल

### RTO की वेबसाइट पर किसी भी आवेदन में मझोला का पिनकोड होता था बरेली का प्रदर्शित

**संवाददाता मंजीत शर्मा**

**पीलीभीत।** कुछ समय पूर्व राज्यमन्त्री मा. संजय सिंह जी गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और मझोला प्रतिनिधि व पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी पीलीभीत वीरेंद्र सिंह से भेंट कर उनसे जनपद की परिवहन विभाग से संबधित समस्याओं पर चर्चा के दौरान उनको मझोला की एक बड़ी समस्या से अवगत कराते हुए बताया था कि मझोला नगर के पिन कोड 262302 को डालने पर विभाग की वेबसाइट पर बरेली का पता दिखाई देने लगता है जिस कारण मझोला क्षेत्र के लोगों को अपना ड्राइविंग लाइसेंस आदि बनवाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पडता है क ज्ञातव्य है कि चूँकि ड्राइविंग लाइसेंस को पते के प्रमाण के रूप में भी मान्यता है अतः कहीं और का पिन कोड डालकर इसको बनवाने से ना सिर्फ एक अनावश्यक गलत कार्य लोगों को करना पड रहा था वहीं उनके दूसरे प्रमाण पत्रों से ड्राइविंग लाइसेंस में भिन्नता आ जाने से भविष्य में कई समस्याओं का सामना करना पड रहा था। क इसकी जानकारी मिलने पर उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने तत्काल अपने कार्यालय स्टाफ को तलब कर मझोला के पिन कोड सम्बन्धी आ रही तकनीकी समस्या को लखनऊ कार्यालय से सम्पर्क कर हल करवाने हेतु निर्देशित किया था वहीं गत दिनों पुनः मा. मंत्री जी के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने इस प्रकरण में हुई प्रगति की जानकारी ARTO से की थी। आज ARTO कार्यालय के वरिष्ठ कर्मचारी राजुल मिश्रा द्वारा मंत्री जी के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल को दूरभाष पर अवगत कराया गया कि उपरोक्त सन्दर्भ में समुचित कार्यवाही करते हुए त्रुटि को ढूंढकर उसका विभाग द्वारा निराकरण कर दिया गया है और अब विभाग की वेबसाइट पर मझोला का पिन कोड डालने पर बरेली का पता नहीं आ रहा अपितु ठीक पता और जनपद प्रदर्शित होने लगा है। इस प्रकार लंबे समय से चली आ रही इस समस्या से मझोला वासियों को अब निजात मिल गयी है।

## सनातन की फौज नागा संन्यासियों की दीक्षा का साक्षी बना प्रयागराज महाकुम्भ का गंगा तट



**महा कुम्भ नगर, 18 जनवरी।** प्रयागराज महाकुम्भ का श्रृंगार है यहां सेक्टर 20 में मौजूद सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े। महा कुम्भ नगर में जन आस्था के केंद्र इन अखाड़ों के नागा संन्यासियों की फौज में नई भर्ती का सिलसिला शुरू हो गया है। गंगा के तट पर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अवधूतों को नागा दीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो गई। संन्यासी अखाड़ों में सबसे अधिक नागा संन्यासियों वाला अखाड़ा है श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा जिसमें निरंतर नागाओं की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके विस्तार की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई।

**श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के 1500 अवधूत बने नागा संन्यासी**

भगवान शिव के दिगम्बर भक्त नागा सन्यासी महाकुम्भ में सबका ध्यान अपनी तरह खींचते हैं और यही वजह है शायद कि महाकुम्भ में सबसे अधिक जन आस्था का सैलाब जूना अखाड़े के शिविर में दिखता है। अखाड़ों की छावनी की जगह सेक्टर 20 में गंगा का तट इन नागा संन्यासियों की उस परम्परा का साक्षी बना जिसका इंतजार हर 12 साल में अखाड़ों के अवधूत करते हैं। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय मंत्री श्री महंत चैतन्य पुरी ने बताया कि शनिवार को नागा दीक्षा की शुरूआत हो गई है। पहले चरण में 1500 से अधिक अवधूत को नागा संन्यासी की दीक्षा दी जा रही है । नागा संन्यासियों की संख्या में जूना अखाड़ा सबसे आगे है जिसमें अभी 5.3 लाख से अधिक नागा संन्यासी हैं।

## स्वामित्व योजनाः लेखपाल ने बांटे 18 संपत्ति कार्ड, जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल होने से मिलेगा बड़ा फायदा

### वही पैकोलिया मुस्लिम मैं लेखपाल मनु सिंह यादव ने आठ संपत्ति कार्ड बांटे

**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**



**बस्ती गौर।** गांवों में निवास करने वाले लोगों को घरों का स्वामित्व देने के लिए संचालित घरौनी योजना के तहत शनिवार को हरैया तहसील के बवरपारा गांव के 18 परिवारों को घरों का स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके लिए तहसील परिसर में शुक्रवार को ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के साथ बैठक में उपजिलाधिकारी व नायब तहसीलदार ने घरों के स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। तहसील क्षेत्र में प्रशासन की ओर से डीह के मकानों का घरौनी बनाया गया है। शनिवार को जिसका वितरण किया गया। जिसके तहत मकान स्वामियों को उनका प्रमाण पत्र दिया गया। स्वामित्व प्रमाण पत्र मिलने को लेकर लोगों में उत्सुकता है। गांव के ग्रामीणों को स्वामित्व प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में लेखपाल अजय प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद, सचिव राम रोहित, प्रधान अमजद अली, ग्राम सभा के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घरौनी बनाने में ड्रोन दीदी का भी लें सहयोगः सीएम योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 18 जनवरी।** देशभर में 2 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियां बनायी गयी हैं जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां बनायी गयीं। इनमें से 37 हजार से अधिक गांव की 55 लाख 14 हजार से अधिक घरौनियों को पहले ही वितरण किया जा चुका है। वहीं आज शनिवार को 29 हजार से अधिक गांव की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियों का वितरण किया गया। इससे गांवों में प्रापर्टी को लेकर होने वाले विवादों में कमी आयी है। पहले दबंग कमजोर व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लेता था, लेकिन पहली बार तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से गांवों में घरौनी (कानूनी दस्तावेज) के जरिये घर का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिसे अब कोई भी दबंग नहीं छीन सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम में कही।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कई लाभार्थियों को घरौनी वितरित की।

**स्वरोजगार के नये अवसर लेकर आया है प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी)**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में घरौनी के लाभार्थियों से संवाद कर उनसे इसके लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। लाभार्थियों ने बताया कि उनको कानूनी दस्तावेज के रूप में घरौनी मिलने से व्यापार करने के लिए आसानी से बैंक से लोन मिल रहा है। साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी खत्म हो गया है। पीएम ने कार्यक्रम में 4 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के लाभार्थी से संवाद किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घरौनियों के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गरीब की 3 से 4 फुट जमीन दबंग इधर-उधर कर-के कब्जा कर लेते थे। वहीं स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका वास्तविक हक दिलाया है। सीएम ने कहा कि अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। शेष 25 हजार को जल्द ही घरौनी वितरित की जाएगी।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 25 हजार नए राशन कार्ड बनाए गए

**महाकुम्भनगर, 18 जनवरी।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 25 हजार नए राशन कार्ड बनाए गए हैं जिसमें 12 हजार लोग अब तक राशन ले जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। 35 हजार से ज्यादा गैस सिलेंडर रिफिल कराए जा चुके हैं तो 3500 नए कनेक्शन भी जारी किए गए हैं। मेले में 5000 गैस सिलेंडर प्रतिदिन के हिसाब से रिफिल करने का काम किया जा रहा है।

**खाद्य सामग्री की नहीं होने पाएगी कोई कमी**

महाकुम्भ में आने वाले कल्पवासियों और संस्थाओं के लिए सीएम योगी ने इस बार विशेष इंतजाम किए हैं। इन्हें राशन उपलब्ध कराने के लिए महाकुम्भनगर में 25,000 नए राशन कार्ड बनाए गए हैं। महाकुम्भनगर के जिला पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि अब तक 12,000 से अधिक लोग राशन प्राप्त कर चुके हैं और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। ताकि किसी को भी यहां खाद्य सामग्री की कमी का सामना न करना पड़े। यह कदम आयोजन के दौरान लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रहा है।

**महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं**

महाकुम्भ नगर में खानपान की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अब तक 35,000 से ज्यादा गैस सिलेंडरों को रिफिल किया जा चुका है। इसके अलावा 3,500 नए गैस कनेक्शन भी जारी किए गए हैं। जिला




पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि प्रतिदिन 5,000 गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है। जिससे महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**आटा 5 रुपये और चावल 6 रुपये प्रति किलो**

महाकुम्भ के आयोजन में अखाड़ों और कल्पवासियों के लिए प्रमुखता से खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इन लोगों के लिए आटा 5 रुपये और चावल 6 रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा, मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं, जहां श्रद्धालु उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

**सभी सेक्टरों में गैस कनेक्शन व्यवस्था**

महाकुम्भ में अखाड़ों, कल्पवासियों और संस्थाओं को गैस सिलेंडर की आवश्यकता होती है। इसके लिए मेला क्षेत्र के सभी सेक्टरों में एजेंसियां गैस कनेक्शन उपलब्ध करा रही हैं।

# अंबाला

## गणतंत्र दिवस को लेकर रिहर्सल 22 जनवरी से : एसडीएम सांगवान



एसडीएम शाश्वत सांगवान।

नारायणगढ़, जनवरी : गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व अनाज मण्डी नारायणगढ़ में मनाया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि समारोह को लेकर 22 जनवरी को रिहर्सल की जाएगी तथा 24 जनवरी को फाईनल रिहर्सल होगी। गणतंत्र दिवस समारोह में पुलिस तथा विभिन्न स्कूलों की एनसीसी की टूकड़ियों द्वारा परेड़ एवं मार्च पास्ट किया जाएगा तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएगें। उन्होंने कहा कि समारोह में उपमण्डल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र दिए जाएंगे। ऐसे अधिकारियोंध्कर्मचारियों के नाम 20 जनवरी तक एसडीएम कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इस समारोह के सफल आयोजन को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगा कर उन्हें जिम्मेवारी सौंपी गई है। गणतंत्र दिवस समारोह के लिए ओवरआल इंचार्ज नायब तहसीलदार संजीव अत्रि को बनाया गया है।

## गांव हुसैनी के गायब युवक का शव चंडीगढ़ रोड पैट्रोल पम्प के पास खेतों में मिला

नारायणगढ़, जनवरी : गांव हुसैनी का 22 वर्षीय युवक जो बुधवार को किसी बात को लेकर घर से चला गया था। अगले दिन चंडीगढ़ रोड पैट्रोल पम्प के पास खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार चंडीगढ़ रोड़ पर मौजूद शिवा पैट्रेल पम्प के पिछले साईड में खेत में सुबह के समय किसी युवक का शव मिलने पर खेत के मालिक ने पुलिस को सुचना दी लेकिन उसकी पहचान न होने पर पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के शवग्रह में रखवा दिया। लेकिन गांव हुसैनी के कुछ लोग थाना नारायणगढ़ पहुंचे तो उन्हेने युवक गुरप्रीत के गायब होने की शिकायत देने पर पुलिस द्वारा शव की पहचान करवाने पर पता चला कि गुरप्रीत जो मेहनत मजदूरी का काम करता था और वह मासिंक तौर पर परेशान था और वह किसी बात को लेकर बुधवार को घर से चला गया था जो रात तक न आने पर परिजनों ने इधर उधर तलाश किया लेकिन कही पता नही चला। थाना प्रभारी ने बताया कि शव पर किसी तरह का चोट का निशान नही हैं। फिलहाल अभी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा दिया है और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही पता चल पायेगा कि मौत कैसे हुई ।

## 2 चाकू सहित 3 बदमाश गिरफ्तार, केस दर्ज



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मुलाना, जनवरी : थाना मुलाना क्षेत्र फ्लाई ओवर बस अड्डा मुलाना के पास से अवैध चाकू रखने के मामले में मुलाना पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक, विशाल व अभिमन्यु निवासी मेघा माजरा जिला कुरूक्षेत्र को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर थाना मुलाना में मामला दर्ज करके माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुलाना पुलिस को सूचना मिली थी कि दोसड़का मुलाना रोड पर मोटरसाईकिल सवार तीन नौजवान अवैध हथियार चाकू लेकर घूम रहे है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते है। सूचना उपरान्त पुलिस ने थाना मुलाना क्षेत्र फ्लाई ओवर बस अड्डा मुलाना के पास नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध मोटरसाईकिल सवारों को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उनसे दो अवैध चाकू बरामद किए। आरोपियों की पहचान दीपक, विशाल व अभिमन्यु निवासी मेघा माजरा थाना झांसा जिला कुरूक्षेत्र के रूप में हुई जिन्हें अवैध हथियार दो चाकू सहित गिरफ्तार कर थाना मुलाना में मामला दर्ज किया।

## पात्र बच्चे तक बाल कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम करें संबंधित विभागीय अधिकारी : पार्थ गुप्ता

अंबाला शहर, जनवरी : जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता की अध्यक्षता में गत दिवस जिला बाल कल्याण परिषद कार्यकारिणी समिति की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पात्र बच्चे तक बाल कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ अन्य जो विभागों की योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं उनका लाभ सुगमता से पहुंचे, इसके दृष्टिगत अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के दृष्टिगत बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ कम्प्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी कोर्स और अन्य कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने दिया जाए। बैठक के दौरान ब्लॉक स्तर पर मिनी बाल भवन खोलने, स्लम एरिया के अनाश्रित बच्चों के कौशल विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, बाल कल्याण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतेंद्र सिवाच, नगराधीश पूजा कुमारी, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, डीडीपीओ दिनेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाधान शिविरों में पहुंची 712 शिकायतें, 616 शिकायतों का किया गया मौके पर निपटारा



आमजन की शिकायतें सुनती नगराधीश पुजा कुमारी व अन्य अधिकारी।

अंबाला शहर, जनवरी : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेशार्नुसार अंबाला जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों में आमजन को बहुत बड़ी राहत मिल रही है। समाधान शिविर के तहत बीते 25 नवंबर से 16 जनवरी 2025 तक समाधान शिविरों में 712 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 616 शिकायतों का निपटान कर दिया गया है व शेष 96 शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश पूजा कुमारी ने आए प्रार्थियों की समस्याओं व शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में समाधान शिविर बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। किसी भी कार्य दिवस पर आमजन प्रातः: 10 से 12 बजे तक अपनी समस्या को लेकर जिला स्तर या उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में जाकर अपनी समस्या को रखकर उसका समाधान करवा सकता है। शुक्रवार को आयोजित शिविर में 3 शिकायतें पहुंची हैं, जिनका मौके पर ही निपटारा किया गया। इस मौके पर एएसपी सृष्टि गुप्ता, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, इंस्पेक्टर राकेश मणि, एएफएसओ बृजमोहन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि विभाग प्रगतिशील किसानों व युवाओं को नि शुल्क देगा ड्रोन पायलट बनने का प्रशिक्षण–वजीर सिंह

**करनाल सुखविंदर सोही**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक वजीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 2024-25 के लिए 18-45 आयु वर्ग तक के किसानों और बेरोजगारों युवाओं को ड्रोन पायलट बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए 20 जनवरी 2025 से 05 फरवरी 2025 तक विभागीय पोर्टल ६६६.१- ¨१८ल्ला.ङ्क५.ल्ला पर आनेर्लाईन आवेदन आमत्रित किये गये है। इसके लिए हरियाणा राज्य से कुल लक्ष्य 500 के विपरीत 267 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है व कुल 233 किसानों को प्रशिक्षण दिया जाना बाकी है। यह प्रशिक्षण बिना कोई शुल्क लिये दिया जायेगा। इच्छुक किसान/युवा अपना आवेदन भर सकता है। इसके लिए कुछ नियम व शर्ते लागू की गई है।

**योग्यता अनुसार ये रहेंगे मानदंड**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक वजीर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी का चयन योग्यता अनुसार किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए किसान/युवा 18-30 आयु वर्ग का हो जिसके 25 नम्बर निर्धारित किए गए है।अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता कम से कम दसवीं पास होना जरुरी है। जिसके 40 नम्बर निर्धारित किए गए है। कस्टम हायरिंग सेन्टर / एफ०पी०ओ० के अनुभव के दस नम्बर अलग से दिये जायेगे। इसके साथ ही कृषि कार्य में अनुभव के लिये भी 04 कैटेगरी भी बनाई गई है जिसमें कुल 25 नम्बर रखे गये है। अभ्यर्थी के पास पी०पी०पी० आई-डी/वैध पासपोर्ट अनिवार्य।

उप कृषि निदेशक ने किसानों व बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे सरकार द्वारा चलाए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढचढ कर भाग ले व ड्रोन का प्रशिक्षण पाकर आधुनिक खेती को करे जिससे खर्चा व श्रम को बचाने में योगदान दे। इस सम्बंध में अधिक जानकारी के लिए अपने गांव के कृषि विकास अधिकारी / खण्ड कृषि अधिकारी/उप मंडल कृषि अधिकारी / सहायक कृषि अभियन्?

## निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सफाई मित्रों को वितरित की वर्दी व ग्लब्स, वर्दी लेकर खुश नजर आए सफाई मित्र।

### सफाई कार्य में जाते समय वर्दी अवश्य पहनकर जाएं सफाई मित्र-निगमायुक्त।



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** साफ-सफाई से शहर को स्वच्छ वातावरण देने वाले फ्रंट लाईन सफाई मित्रों को नगर निगम की ओर से वर्दी व ग्लब्स वितरित किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शनिवार को निगम कार्यालय के सभागार में करीब 40 सफाई मित्रों को अपने हाथों से वर्दी वितरित कर इस कार्य की शुरूआत की। वर्दी लेकर सफाई मित्रों के चहरे खुशी से खिल उठे। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी इस अवसर पर मौजूद रहे। निगमायुक्त ने बताया कि शहर के चारों जोन से करीब 40 सफाई मित्रों को वर्दी वितरित की गई है, इनमें 22 महिला एवं 18 पुरूष सफाई मित्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शेष सफाई मित्रों को सम्बंधित बीट में शीघ्र ही वर्दी वितरित कर दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने मुख्य सफाई निरीक्षक व सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार सभी सफाई मित्रों को दो-दो वर्दी दी गई हैं, जिनमें पुरूषों के लिए दो-दो पेंट-शर्ट तथा महिलाओं के भी दो-दो सूट शामिल हैं। इसके साथ ग्लब्स भी दिए गए हैं, ताकि वह ठंड में अपना कार्य अच्छे से कर सकें। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त सभी को जल्द ही जूते भी वितरित किए जाएंगे। यह कार्य टैण्डर प्रक्रिया में है। निगमायुक्त ने बताया कि हमारे सफाई मित्रों के हाथ में पूरे शहर को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी है, ऐसे में उनकी हिफाजत भी जरूरी है। इसी सोच को लेकर वर्दी व ग्लब्स वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त हर माह 1 लीटर तेल व 4 साबुन प्रत्येक सफाई मित्र को दिए जाते हैं। उन्होंने सभी सफाई मित्रों से क?

## विधायक जगमोहन आनंद ने हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों से की मुलाकात, समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन

### हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में पहुंचे थे विधायक जगमोहन आनंद



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** के विधायक जगमोहन आनंद ने शनिवार को करनाल के सेक्टर-3 में हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री व व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ-साथ कुछ मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर उनका त्वरित समाधान करने का आश्वासन भी दिया। इस पर हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों ने उनका आभार जताया। बता दें कि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद के निरंतर आमजन की समस्याओं को सुनते हैं। शनिवार को वह करनाल के करनाल के सेक्टर-3 स्थित हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यालय पहुंचे। यहां आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग उद्योगों से जुड़े व्यापारियों ने भी शिरकत की। उन्होंने विधायक जगमोहन आनंद के समक्ष बिजली बिलों का फिक्स शुल्क, बासमती धान पर मार्केट फीस कम करने, सीएलयू व सड़कों से जुड़ी समस्याओं को रखा। उन्होंने कुछ स्थानीय समस्याओं से भी अवगत करवाया। विधायक जगमोहन आनंद ने तत्काल अधिकारियों को इस संदर्भ में टेलीफोन पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा। हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों ने विधायक जगमोहन आनंद का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विधायक ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द से जल्द समाधान का आश्व?

## पुलिस महानिरीक्षक करनाल ने एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत पकड़े गए मादक पदार्थों का किया निरीक्षण



**करनाल सुखविंदर सोही**

आज सुबह पुलिस महानिरीक्षक श्री शिबास कविराज भा.पु.से. करनाल मण्डल, करनाल द्वारा जिला पुलिस लाईन करनाल में पुलिस अधीक्षक करनाल श्री गंगाराम पुनियां, पुलिस अधीक्षक कैथल श्री राजेश कालिया व पुलिस अधीक्षक पानीपत श्री लोकेन्द्र सिंह के साथ करनाल रेंज के तीनों जिलों में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत पकड़े गए मादक पदार्थों (चुरापोस्त, गांजा, चरस, स्मैक, सुल्फा, सीरप, कैप्सुल, गोलियां, कैंफर, अफीम मिक्सचर, इनटाक्सीन पाउडर और हीरोइन) का मालखाना के रजिस्ट्र के अनुसार निरीक्षण किया गया। इसमें जिला पुलिस करनाल के जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2024 तक के एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दर्ज कुल 105 मामलों में पकड़े गए, 682.159 किलोग्राम व 1,22,777 कैप्सुल और 02,49,095 नशीली गोलियां शामिल थे। इसके अलावा जिला पुलिस पानीपत द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दर्ज 112 मामलों में 318.841 किलोग्राम मादक पदार्थ व 5920 नशीले इन्जैक्शन और जिला पुलिस कैथल द्वारा दर्ज 36 मामलों में पकड़े गए नशीले पदार्थों का निरीक्षण किया गया। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन व सभी ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों की मौजुदगी में तीनों जिलों के इन मादक पदार्थों को जिला पुलिस लाइन करनाल में एक सुरक्षित स्थान पर रखकर सील किया गया व आई.जी. साहब ने कहा कि जल्द ही कमेटी के सभी सदस्यों की निगरानी में इन मादक पदार्थों का बजीदा स्थित वेस्टेज फैक्ट्री में निपटारा किया जाएगा।

## एन.डी.पी.एस. एक्ट. के तहत दो आरोपी गिरफतार, 19.04 ग्राम स्मैक बरामद



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** बिती शाम जिला पुलिस की थाना मधुबन टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर मंगलौरा पुलिस चौकी के पास यु.पी. सीमा पर नाकाबंदी करके दो आरोपीयों..... 1. प्रिंस उर्फ प्रमजीत पुत्र गुरमीत सिंह निवासी शास्त्री नगर, शिव कालोनी करनाल व पंकज उर्फ बकीया पुत्र पप्पु मिस्त्री निवासी शास्त्री नगर, करनाल को गिरफतार किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपीयों के कब्जे से 19.4 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपीयों के खिलाफ थाना मधुबन में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। टीम के इन्चार्ज स.उप निरक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि आरोपीयों के खिलाफ पहले भी लडाई-झगड़े की धाराओं के तहत कई मुकदमें दर्ज हैं व दोनों आरोपीयों को माननीय अदालत के सामने पेशकर अदालत के आदेशानुसार न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया।

## यातायात के नियमों की सख्ती से हो पालना : एसपी

### अंबाला पुलिस द्वारा 31 जनवरी तक चलाया जाएगा यातायात जागरूकता अभियान



नए कानून के तहत कार्रवाई करने बारे जानकारी देते अंबाला एसपी सुरेंद्र सिंह भोरिया।




अंबाला पुलिस द्वारा चलाए गए यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत वाहन चालकों को जागरूक करते पुलिसकर्मी।

अंबाला शहर, जनवरी : सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं यातायात नियमों की पालना करने के उदेश्य से अंबाला जिला पुलिस ने यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिसके अंर्तगत पुलिस प्रशासन की ओर से आए दिन नियमों को ताक पर रखने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जा रहे हैं। बतादें कि अंबाला एसपी सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निदेशार्नुसार पुलिस अधिकारी रमेश गुलिया के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित निर्धारित गति सीमा वाहन के लिए लेन ड्राईविग बाँई लेन निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू अंबाला पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों को समय समय पर जागरूक किया जाता है। इसी कड़ी में अम्बाला पुलिस द्वारा 1 से 31 जनवरी तक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अंबाला पुलिस द्वारा अंबाला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात के नियमों बारे विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। इस मौके पर अंबाला एसपी सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रेफिक सेफ्टी, लेन चेंज के संबंध में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार ट्रैफिक सेफ्टी स्पैशल जागरूक अभियान चलाया जा रहा है।

### यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर पुलिस 16 दिनों में किए 47 मामले दर्ज : सुरेंद्र भौरिया

अंबाला एसपी सुरेंद्र सिंह भोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबाला पुलिस द्वारा लेन ड्राईविंग नियमों की पालना को लेकर सख्त रुख अपनाया जा रहा है। बीते 16 दिनों में अंबाला पुलिस द्वारा लेन ड्राइविंग नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ करीब 47 मामले दर्ज किए गए हैं व लेन ड्राईविंग के 808 चालान भी किए जा चुके हैं जबकि बीते वर्ष-2024 में कुल 65 मामले दर्ज किए गए थे।

## बिजंलपुर बुढ़ैल कॉलोनी रोड की खस्ताहाली : 4 साल से गड्ढों में उलझा जीवन



बिंजलपुर बुढैल कॉलोनी के हालात।

मुलाना, जनवरी : बिजंलपुर बुढ़ैल कॉलोनी रोड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पिछले चार सालों से यह मार्ग खस्ताहाल है और इसकी मरम्मत की कोई सुध नहीं ली गई। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बने हुए हैं।दैनिक सफर करने वाले लोग को इन गड्ढों की वजह से हादसों का भय बना रहता हैं। बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब ये गड्ढे पानी से भरकर दिखाई देना बंद हो जाते हैं। इससे कई वाहन चालकों को चोटिल होते देखा गया है।

स्थानीय निवासी मास्टर सुखदेव सैनीं, ओमप्रकाश राणा, उधम राणा,कुश राणा, संजीव प्रजापत व अन्य का कहना है कि इस सड़क की मरम्मत के लिए कई बार शिकायतें भी की गई, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सड़क की दुर्दशा न केवल लोगों की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है, बल्कि उनके वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि करीब 4 साल से मार्ग विभाग की एक नजर की बाट जोह रहा है। सुबह स्कूल जाते बच्चों के कई बार कपड़े खराब हो जाते है।

उन्होंने कहा कि आखिर सड़क निर्माण और मरम्मत के नाम पर आने वाला बजट कहां खर्च हो रहा है? क्या यह जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग नहीं है? चार साल में सड़क की हालत सुधारने के लिए क्या एक भी योजना नहीं बनाई जा सकी?

अब स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही, तो लोगों को मजबूरन विरोध प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ सकता है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने अंबाला यंग अचीवर्स अवार्ड 2025 का किया पोस्टर रिलीज

### नामांकन दर्ज करवाने वाले 10 से 18 वर्ष के विद्यार्थियों को मिलेगा अवार्ड



पोस्टर रिलीज जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, प्रिंसिपल अनीता लक्ष्मी धर व अन्य।

अम्बाला छावनी, जनवरी : डीसी मॉडल स्कूल द्वारा क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से अंबाला यंग अचीवर्स अवार्ड 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसका जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने डीसी मॉडल स्कूल में विशेष तौर पर पहुंचकर पोस्टर रिलीज किया गया। स्कूल प्रिंसिपल अनीता लक्ष्मी धर ने बताया कि इस अवार्ड के लिए स्पोर्टस चैम्पियन, अकैमिक्स एक्सीलैंस, प्रफोर्मिंग आर्टस, क्रिएटिव आर्ट, कम्यूनिटी हीरोस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कैटागिरी में अंडर- 10, 12, 14, 18 तक के छात्र, युवक-युवतियां 9 फरवरी तक नामांकण कर सकते है। इस अवार्ड सैरेमनी में डीसी मॉडल स्कूल के अलावा ,इदरीश फाउंडेशन, ड्रॉप्स ऑफ चेंज, डैजलिंग डिवाज, जेसीआई अंबाला सेंट्रल, भारत विकास परिषद, रॉबिनहुड आर्मी, आशा एक प्रयास और इनरव्हील क्लब द्वारा अहम सहयोग दिया जा रहा है। प्रिंसिपल ने बताया कि इस अवार्ड के लिए एक गूगल फार्म बनाया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रो में आगे रहने वाले प्रतिभागी फार्म भरकर अपलोड कर सकते है और ऐसे नए युवाओ को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम करवाया जा रहा है। इस अवार्ड सैरेमनी के माध्यम से अवार्ड अचीवर्स को नई दिशा मिलने के अलावा प्रोत्साहन मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है और इसमें युवाओ को आगे आने का सुअवसर प्रदान होगा। निजी सहित सरकारी स्कूलो के विद्यार्थी जिन्होंने उपरोक्त श्रेणियो में कोई विशेषता हासिल की है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा और इससे उनकी हौंसल अफजाई के अलावा आगे बढ? की भावना पैदा होगी। उन्होंने सभी को इस अवार्ड सैरेमनी की शुभकामनाए भी दी है। इस अवसर पर संस्थाओं के पदाधिकारी और स्कूल के अधिकारी उपस्थित थे।

## अंबाला जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित कर्मचारियों को दिलाई गई सामूहिक संविधान प्रस्तावना की शपथ



अंबाला जिला प्रशासनिक कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना की सामूहिक शपथ दिलाते नगराधीश पूजा कुमारी ।

अंबाला शहर, जनवरी : उपायुक्त कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम में नगराधीश पूजा कुमारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना की सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक अपनी-अपनी भूमिकाओं को निभाते हुए विकसित भारत बनाने में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के दृष्टिगत इस वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

संविधान प्रस्तावना सामूहिक कार्यक्रम के तहत एसडीएम कार्यालय, डीआईपीआरओ कार्यालय, बाल भवन व जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, नगर निगम, नगर परिषदों व पंचायतों में भी संविधान प्रस्तावना वाचन के तहत शपथ दिलाई गई।

# जनपद की स्वीकृत योजनाओं का सत्यापन पोर्टल पर कर लिया जाए- जिलाधिकारी

## हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति में सुधार लाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यरत फर्म की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं है, और यदि फर्म द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति में सुधार नहीं किया गया तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनपद के तीनों सतही श्रोत आधारित योजनाओं के सभी कम्पोनेंट्स और संरचनाओं पर समानान्तर रूप से पर्याप्त मानव शक्ति और मशीनरी लगाकर समयबद्ध रूप से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता द्वारा जनपद की स्वीकृत योजनाओं का सत्यापन पोर्टल पर कर लिया जाए। इसके साथ ही, जिन ग्रामों में एफएचटीसी के निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया गया है, वहां ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित कर हर घर जल मार्क किया जाए और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी और खण्ड विकास अधिकारियों को उत्तरदायी बनाया गया है।




जिलाधिकारी ने यह सुनिश्चित करने की बात भी कही कि जनपद के प्रत्येक गांव में पेयजल आपूर्ति हेतु एक सटीक रोस्टर तैयार किया जाए और निर्धारित रोस्टर के अनुसार जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, ओएचटी, पम्प हाउस और पंचायत भवनों में वॉल राइटिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के समय की सूचना अंकित कराई जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि पीएमसी, टीपीआई और कांट्रैक्टर्स द्वारा प्रतिदिन समस्त परियोजनाओं के कार्यस्थल पर निर्धारित मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और इसके उपस्थिति की क्रॉस चेकिंग अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) और अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा की जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की बात की कि पेयजल की गुणवत्ता में कोई भी कमी न हो, और जल का परीक्षण नियमित अंतराल पर किया जाए। उन्होंने परियोजना के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। किसी भी तरह के गुणवत्ता उल्लंघन की स्थिति में टीपीआई, पीएमसी और कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण किया जाए, ताकि सभी निर्माण कार्य प्रचलित तकनीकी विशिष्टियों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मॉडल गांव तैयार किए जाएं। पाइपलाइन के काम के बाद खोदी गई सड़कों को जल्द से जल्द पुनर्स्थापित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई समस्या न हो। पाइपलाइन डालने के लिए ॥ ष्ठष्ठ मशीन का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने योजना के तहत किए जा रहे सभी कार्य समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं, ताकि जनपद के हर घर में स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण अंचल गुप्ता आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रापर्टी कार्ड का डिजिटल वितरण आज

## 45 लाख से अधिक घरौनियों का बटन दबाकर इलेक्ट्रानिक डिजिटल वितरण

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रधानमंत्री द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किये गए प्रोपर्टी कार्ड के डिजिटल वितरण कार्यक्रम 18 जनवरी 2025 को किये जाने के सम्बंध में बताया कि आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उ0प्र0, अनुभाग-9, लखनऊ के पत्र दिनांक 13 जनवरी 2025 के द्वारा प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री प्रापर्टी कार्ड (घरौनियों) का डिजिटल वितरण कार्यकम परिषद के पत्र द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद में चयनित स्थल रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में 18.01.2025 को प्रातः 11 बजे से किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा 24.04.2023 के उपरांत तैयार की गयी नयी 45 लाख से अधिक घरौनियों का बटन दबाकर इलेक्ट्रानिक डिजिटल वितरण किया जायेगा। मा0 प्रधानमंत्री जी के बटन दबाते ही सभी सम्बन्धित लाभार्थियों के मोबाईल पर मैसेज के माध्यम से लिंक प्राप्त होगा जिसे खोलकर सम्बन्धित लाभार्थी अपनी घरौनी प्राप्त कर सकेगें। उक्त कार्यक्रम का दूरदर्शन एवं वेबकास्ट द्वारा सीधा प्रसारण किया जायेगा। जिसे समस्त अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ देखा जायेगा। वेबलिंक की सूचना आपको पृथक से उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त कार्यक्रमों के तत्काल पश्चात सभी जनपद में तैयार हो चुकी घरौनियों का वितरण जनपद एवं तहसील स्तर पर किये जाने वाले कार्यक्रमों में ही जनप्रतिनिधियों / वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भौतिक रूप से किया जायेगा। जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण बेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा जिससे भारत सरकार में भी प्रदेश के कार्यक्रमों को देखा जा सके। जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आसपास के ग्रामों के लाभार्थियों को आमंत्रित किया जायेगा तथा उक्त कार्यकम मा0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम (अपरान्ह 12.30 बजे) से पूर्व ही प्रारम्भ कर दिया जायेगा तथा मा0 प्रधानमंत्री जी का कार्यक्रम प्रारम्भ होने के उपरान्त कार्यकम में उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी एवं लाभार्थीगण, मा0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को देखेंगे। मा0 प्रधानमंत्री जी के उक्त कार्यक्रम के तत्काल पश्चात जनपद में तैयार हो चुकी घरौनियों का वितरण उक्तानुसार आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में ही जनप्रतिनिधियों / वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भौतिक रूप से किया जायेगा। पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार मा0 प्रधानमंत्री जी के उक्त कार्यक्रमों के साथ ही जनपद, सम्बन्धित ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जनपद में तैयार की गयी घरौनियों का भौतिक वितरण, मा0 प्रधानमंत्री जी के द्वारा डिजिटली वितरण कार्यक्रम की समाप्ति के 24 घन्टे की भीतर कर दिया जाय। उक्त कार्यक्रम उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारी आपस में एवं मा0 जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करके कार्यक्रम का स्थान नियत करके मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रॉपर्टीकार्ड, डिजिटली जारी करने के उपरान्त उसी दिन स्वामित्व योजना का बैनर लगाकर तहसीलों/विकास खण्डों / ग्रामों में घरौनी वितरण के समय मीडिया को भी आमंत्रित किया जाये एवं कार्यक्रम की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी करायी जायेगी। आपके द्वारा निर्धारित कराये गये कार्यक्रम की सूचना अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध करायी जाये।

# बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया शुरू

■ कोंच



बार एसोसिएशन की मौजूदा कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद नए चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बार संघ कोंच की आमसभा की बैठक संपन्न हुई जिसमें तय किया गया है कि आगामी 15 फरवरी तक नवीन चुनाव की समूची प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। 30 जनवरी तक सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी तय कर दी गई है। चुनाव ऐल्डर्स कमिटी की देखरेख में संपन्न होंगे और ऐल्डर्स कमिटी जल्द ही अपने सहयोगी चुनाव अधिकारियों की घोषणा करेगी।बार एसोसिएशन के मौजूदा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद निरंजन की अध्यक्षता और ऐल्डर्स कमिटी के कार्यकारी चेयरमैन ब्रजेश मिश्रा व सदस्य संतोष अग्रवाल की मौजूदगी में तहसील परिसर विजय बारहदरी में वकीलों की आमसभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनाव को लेकर गहन चर्चा के बाद तय किया गया कि 30 जनवरी तक वे अधिवक्ता जिनके पास सीओपी नंबर हैं, अपना शुल्क जमा कर बार के सदस्य बन सकते हैं। सर्वसम्मति से यह भी तय किया गया है कि आगामी 15 फरवरी तक निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। हालांकि अभी चुनाव अधिकारियों के नामों का ऐलान नहीं हो सका है और ऐल्डर्स कमिटि ही चुनाव कराने के लिए अधिकृत है लेकिन कमिटी के कार्यकारी चेयरमैन आधिकारिक तौर पर अपने सहयोग के लिए चुनाव अधिकारियों के नामों का ऐलान जल्द ही करेंगे। इस दौरान केके श्रीवास्तव, ओमप्रकाश कौशिक, विनोद अग्निहोत्री, श्रीराम गुप्ता, पीडी रिछारिया, ओमप्रकाश अग्रवाल द्वितीय, हरी सिंह निरंजन, राघवेंद्र आनंद विदुआ, दीनानाथ निरंजन, कुलदीप सौनकिया, अमित श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, तेजराम जाटव, नवलकिशोर जाटव, मुहम्मद अफजाल खान, राघवेंद्र निरंजन, विश्वंभर दयाल जाटव, वीरेंद्र जाटव, रामशरण कुशवाहा, अवधेश द्विवेदी,अतुल चतुर्वेदी, सौरभ मिश्रा, भानु प्रकाश जाटव,वरूण चड्डा, सोमनाथ पांडे, प्रमोद गुप्ता, माता प्रसाद अहिरवार, शौकत अली, अवधेश नगाइच, चंद्रपाल निरंजन, अश्विनी दुवे, हल्के सिंह बघेल, जीतू यादव, राममिलन कुशवाहा, अंकित कुमार, मनोज कुशवाहा, सुरेंद्र खरे, दिनेश तिवारी, संजीव तिवारी, जितेंद्र पांडे, असित मिश्रा, अर्पित श्रीवास्तव, जितेंद्र गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# पहले दिन आठ युवाओं ने ऋण पाने के लिए किया आवेदन

■ जालौन-उरई




ब्लॉक परिसर स्थित इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अभियान के अंतर्गत ऋण आवेदन लिए गए। पहले दिन आठ युवाओं ने ऋण पाने के लिए आवेदन किया।

आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ब्लॉक परिसर स्थित आरसेटी सेंटर में जिला उद्योग केंद्र व इंडियन बैंक के संयुक्त तत्वावधान में ऋण आवेदन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आरसेटी सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों ने स्वयं का बिजनेस शुरू करने के लिए ऋण पाने को आवेदन किया। शुक्रवार को आयोजित किए गए शिविर में आठ आवेदकों ने अपने फार्म भरकर जमा किए। जिला प्रबंधक संदीप सिन्हा ने कहा कि रविवार तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय शिविर में जिन प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं का बिजनेस शुरू करना है और उनके पास शुरूआती धनराशि नहीं हैं। वह ऋण पाने के लिए समुचित दस्तावेज जमा करके ऋण आवेदन कर सकते हैं। ऋण आवेदन शुरू होने के बाद उन्हें बिना ब्याज के पांच लाख तक का ऋण दिया जा सकता है। जिसे वह निर्धारित किस्तों में जमा कर सकते हैं। बताया कि जिन युवाओं के पास प्रशिक्षण प्राप्त करने का सर्टिफिकेट नहीं है। वह सेंटर पर प्रशिक्षण प्राप्त करें और सिर्टफिकेट भी प्राप्त कर सकते हैं। जिला उद्योग केंद्र उपायुक्त योगेश कामेश्वर ने कहा कि डेयरी, उत्पाद, रेस्टोरेंट, ब्यूटी पार्लर, बुटीक आदि का व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण आवेदन किए जा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी स्वयं प्रकाश शुक्ल द्वारा किया गया। शिविर में संतोष पांचाल, साक्षी गोस्वामी आदि ने सहयोग किया।

# एमपीडीसी में काटे गए हरे पेड़ आजीवन सदस्य ने की शिकायत

■ कोंच



मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के एक आजीवन सदस्य ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी से शिकायत की थी कि महाविद्यालय ने हरे-भरे पेड़ क्यों काटे गए। क्षेत्रीय ने इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य से जबाब तलब किया है। इधर, वन विभाग के अधिकारियों ने भी मौके पर जाकर वृक्षों के काटे जाने की जांच की है।

नगर के प्रतिष्ठित और सबसे पुराने उच्च शिक्षण संस्थान मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में हरे-भरे पेड़ काटे जाने का मामला महाविद्यालय प्रशासन के लिए गले की फांस बन गया है। महाविद्यालय एजूकेशन सोसायटी के आजीवन सदस्य अभिषेक रिछारिया ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी झांसी के यहां इस बात की शिकायत की थी कि महाविद्यालय परिसर में खड़े हरे-भरे पेड़ों को अवैधानिक तरीके से काट कर बेच दिया गया है। महाविद्यालय प्रशासन के इस कृत्य से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच की थी जिस पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने महाविद्यालय प्राचार्य से जबाब तलब करने के साथ साथ वन विभाग को भी जांच के लिए पत्र लिखा था। गुरुवार को वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की जिसमें शिकायत को सही पाया गया।वही इस संबंध में जांच करने गए वीट प्रभारी दुर्गेश तिवारी से जानकारी प्राप्त की तो उनका कहना है कि मथुराप्रसाद महाविद्यालय में पेडो के कटने के मामले में मौके पर जाकर जांच की गयी।विद्यालय द्वारा बगैर परमीशन के प्रतिबंधित पेड काटे गए है।उन्होंने कहा इसमे जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गड्ढे में गिरने से बाइक सवार की मौत के बाद जिलास्तरीय अधिकारियों में नाराजगी



**कोंच।** चमरसेना-गुरावती के बीच सड़क में हुए गहरे गड्ढे में गिरने से बाइक सवार मनोज पटेल निवासी ग्राम गुरावती की मौत हो जाने से जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नाराजगी व्यक्त किए जाने के बाद हरकत में आए पीडब्ल्यूडी विभाग के एई नंदकिशोर और जेई संदीप कुमार जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और सड़क के बगल से मिट्टी उठाकर गड्ढे की भराई कराने लगे। अधिकारियों ने बताया कि गड्ढे में मिट्टी की भराई कराकर पानी की निकासी के लिए सीमेंट के पीपे डालकर आवागमन के लिए शाम तक रास्ता तैयार करा दिया जायेगा।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं को किया जागरूक

■ उरई



मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

## विधायक ने चौपाल लगाकर समस्याएं सुनी



**कोंच।** जन चौपाल लगाकर विधायक मूलचंद्र निरंजन ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनी और सरकारी योजनाओं को लेकर जानकारी दी।नदीगाँव विकास खंड के ग्राम गड़ेरना व इटोरा में ज़न चौपाल लगाकर उपस्थित ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की हकीकत जानी। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को यदि पात्र ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा हो तो उन्हें अवगत कराएं, सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाएगा। पीएम आवास योजना, शौचालय, आयुष्मान, किसान सम्मान निधि, पेंशन आदि योजनाओं के पात्र लाभार्थियों की जानकारी लेते हुए विधायक ने उपस्थित प्रधानों सहित कार्यकर्ताओं से कहा कि पात्र ग्रामीणों को जागरुक कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। विधायक ने ग्रामीणों से बिजली, सड़क, पेयजल, शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। ज़न चौपाल में भाजपा बंगरा मंडल अध्यक्ष भरत भदौरिया, प्रधान जाकिर, प्रधान जितेंद्र द्विवेदी डीहा, रामू तिवारी मिझौना, विवेक द्विवेदी गडेरना, नितिन कुमार, सुशील कुशवाहा, अरविंद निरंजन बसोब, लालजी निरंजन चांदनी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी के साथ दो युवकों ने अभद्रता कर की मारपीट

**जालौन-उरई।** खेत से घर आ रही किशोरी के साथ दो युवकों ने अभद्रता कर मारपीट कर दी थी। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि बीती 12 जनवरी को उसकी 16 वर्षीय बेटी खेत पर काम करने के लिए गई थी। खेत से काम निपटाकर शाम करीब पांच बजे वह वापस अपने घर लौट रही थी। तभी रास्ते में लहचूरा निवासी दो युवकों ने शराब के नशे में धुत होकर उसे रोक लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर वह गाली, गलौज व मारपीट कर वहां से भाग गए। पिता ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### घने कोहरे के कारण बाइक ट्रैक्टर से टकराई, दो युवकों की मौत

**जालौन-उरई** । रात में बाइकसवार युवकों की घने कोहरे के बीच ट्रैक्टर से टक्कर हो गई।। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी सफीक (23) पुत्र मुमताज अपने साथी चमकू (21) पुत्र रफीक व सूरे (19) पुत्र सलीम निवासीगण कुदरा करौंदी के साथ गुरूवार की देर रात करीब 10 बजे बाइक लेकर जालौन से वापस अपने गांव जा रहे थे। जब वह बाइक लेकर प्रतापपुरा मो? के पास पहुंचे तो रात में घने कोहरे के बीच उनकी ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रैक्टर से टकराकर सफीक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथी चमकू व सूरे गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर से निकल रहे राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया। उरई में इलाज के दौरान चमकू की भी मौत हो गई। जबकि तीसरे युवक सूरे की भी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर दोनों युवकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### शनि धाम मंदिर परिसर में रखे सामान समेत करीब 10 किंटल लकड़ी जलाई

**जालौन-उरई** । शनि धाम मंदिर परिसर में रखे सामान समेत करीब 10 क्विंटल लकड़ी को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जला देने की शिकायत पुजारी समेत भक्तों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। गूढ़ा न्यामतपुर गांव के बाहर शनिदेव का मंदिर स्थित है। मंदिर परिसर में बनी यज्ञशाला में भक्तों की सुविधा के लिए कुर्सी, चटाई, फर्श समेत सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव के लिए लगभग 10 क्विंटल लकड़ी रखी थी। मंदिर के पुजारी बृजेश तिवारी समेत भक्त राजा भैया, मानवेंद्र परिहार, अंशु गौतम, अखिलेश बाथम, अनुराग तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, बबलू गुर्जर, गोलू कुशवाहा ,आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि मंदिर परिसर में अज्ञात व्यक्ति रात के समय घुस गए। जिन्होंने यज्ञशाला में लकड़ी समेत वहां रहे अन्य सामान को जला दिया है। जिससे मंदिर को लगभग 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।



# 2750 कैमरों से भीड़ को नियंत्रित कर रहा आईसीसीसी, अब तक सात करोड़ श्रद्धालु कर चुके हैं संगम में स्नान

एजेंसी, प्रयागराज



विश्व के सबसे बडे आयोजन महाकुंभ में 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से स्नान शुरू है। छह दिनों के भीतर सात करोड़ लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। सबसे ज्यादा साढ़े तीन करोड़ लोगों ने मकर संक्रांति पर ही डुबकी लगाई है। अधिकारियों की माने तो इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ से भी ज्यादा लोग आएंगे। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा महाकुंभ पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि, मेला क्षेत्र में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) क्राउड मैनेजमेंट में वरदान साबित हो रहा है। इसके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में आ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को कंट्रोल करने में मदद मिल रही है बल्कि कई तरह के सर्विलांस में भी यह मददगार बन रहा है। महाकुम्भ के पहले दिन पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भारी भीड़ को सुनियोजित तरीके से नियंत्रित करने में आईसीसीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## क्राउड मैनेजमेंट में मिल रही मदद

आईसीसीसी के प्रभारी एसपी अमित कुमार ने बताया कि यहां पर 2750 कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं, जिनके माध्यम से न सिर्फ मेला क्षेत्र में बल्कि पूरे शहर क्षेत्र पर नजर रखी जा रही है। तीन तरफ से भीड़ की निगरानी की जा रही है। पहली सिक्योरिटी, दूसरी क्राउड मैनेजमेंट और तीसरी क्राइम। उन्होंने बताया कि हमारे पास जो कैमरे हैं उनसे हम सर्विलांस, क्राउड मैनेजमेंट और फायर सर्विलांस जैसे तमाम बिंदुओं पर नजर रख पा रहे हैं। क्राउड मैनेजमेंट के लिए हम लोग क्राउड फ्लो को मॉनिटर कर रहे हैं कि किस तरफ से कितना क्राउड आ रहा है और इसको किस प्रकार से रेगुलेट करना है। क्राउड फ्लो के माध्यम से यह जानने की कोशिश करते हैं की भीड़ का दबाव कहां ज्यादा है और हम उसको वहां से किस ओर मूव कर सकते हैं। यह काफी कारगर तकनीक है। हमें यहां से रेगुलर निगरानी करनी पड़ती है कि कहीं किसी एक स्थान पर भीड़ का घनत्व तो ज्यादा नहीं हो गया है।

## थाईलैंड के बवासा बने महेशानंद और रूस की वोल्गा हो गईं गंगा माता

संगम तट पर बसी तंबुओं की नगरी में पूरी दुनिया पर सनातन का रंग चढ़ा दिख रहा है।



श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़े के नागाओं से गुलजार आवाहन नगर की गलियों में थाईलैंड, रूस, जर्मनी से लेकर जापान तक के युवा सनातन संस्कृति को समझने के लिए घूमते नजर आए। थाईलैंड के चूललोंगकोर्न विश्वविद्यालय के शोध छात्र बवासा आवाहन नगर में महेशानंद बन गए हैं। बुधवार को







## धोखाधड़ी में फंसे लाखों जमाकर्ताओं को मिली बड़ी राहत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के एक सहकारी बैंक के धोखाधड़ी में फंसे लाखों जमाकर्ताओं के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आ रही है। जहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने महाराष्ट्र के एक सहकारी बैंक के धोखाधड़ी में फंसे लाखों जमाकर्ताओं को 289 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बता दें कि यह मामला पेन (रायगढ़ जिला) पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से सामने आया था। मामले में आरोप था कि पेन कोऑपरेटिव अर्बन बैंक के अधिकारियों ने अपने ऑडिटर्स के साथ मिलकर बैंक के खातों में हेरफेर किया, जिससे बैंक को 651.35 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मामले में ईडी ने कहा कि बैंक में करीब 2 लाख जमाकर्ता और 42,000 शेयरधारक थे, जिन्होंने अपनी जमा पूंजी खो दी थी। जांच में पता चला कि धोखाधड़ी से हासिल की गई रकम को फर्जी नकद क्रेडिट खातों के जरिए बैंक में डाला गया और फिर उसे बेनामी संपत्तियों में निवेश किया गया। साथ ही ईडी ने कहा कि अब उसने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका वापस लेने का फैसला किया है। जहां 14 जनवरी को विशेष अदालत ने इन संपत्तियों को 289.54 करोड़ रुपये की मूल्य के साथ जमाकर्ताओं के हित में वापस करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने 2016 में एक जमाकर्ता की याचिका पर ईडी को इन संपत्तियों को वापस करने का आदेश दिया था।

### हमास जल्द बंधकों को करेगा रिहा

# गाजा संघर्ष विराम को इस्राइली कैबिनेट की मंजूरी

एजेंसी, गाजा

गाजा में पिछले 15 महीनों से चल रहा हमास और इस्राइल के बीच का युद्ध लगभग खत्म हो गया है। इस्राइल के मंत्रिमंडल ने शनिवार को गाजा में युद्ध विराम के समझौते को मंजूरी दे दी। इसके बाद वहां बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को रिहा होने का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही हमास के साथ 15 महीने से चल रहा युद्ध रुक जाएगा। यह संघर्ष विराम तीन चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में इस्राइल के 33 बंधकों को रिहा किया जाएगा। बदले में इस्राइल भी 250 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इस्राइली सेना भी गाजा से पीछे हटेगी। इस्राइल के न्याय मंत्रालय ने रविवार से रिहा किए जाने वाले 95 फिलिस्तीनियों की



सूची जारी की है। हमास के साथ लड़ाई रोकने का समझौता रविवार को लागू होगा। समझौते में मध्यस्थ करने वाले कतर और अमेरिका ने बुधवार को युद्ध विराम की घोषणा की थी, लेकिन यह समझौता एक दिन से अधिक समय तक अधर में लटका रहा, क्योंकि नेतन्याहू ने कहा था कि अंतिम समय में कुछ अड़चनें आईं, जिसके लिए उन्होंने हमास को जिम्मेदार ठहराया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समझौते का कुछ कट्टरपंथी नेताओं ने विरोध किया था। लेकिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार के 24 मंत्रियों ने समझौते के पक्ष में मतदान किया, जबकि आठ ने इसका विरोध किया है। इससे पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा था कि गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने संबंधी समझौते को लेकर सहमति बन गई है। इस घोषणा से पहले नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि गाजा में युद्ध विराम और फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले बंधकों को मुक्त करने के लिए वार्ता में अंतिम समय में रुकावटें आईं। मंत्रिमंडल की बैठक यहूदी 'सब्बाथ' की शुरुआत के बाद हुई, जो इस मौके की अहमियत को दर्शाता है।

## भारत में रह रहे तीन चीनी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गौतम बुद्ध नगर पुलिस की 'स्वाट' टीम और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने वीजा अवधि समाप्त होने के बाद अवैध रूप से भारत में रह रहे तीन चीनी नागरिकों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन-3) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि खेरली भाव क्षेत्र में वीवो कंपनी में काम करने वाले तीन चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जो वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में अवैध रूप से रह रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम यूसिंगबो, चैन चाऊ, पेंगशाओ है।

### हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल की सीमा में घुसकर हमला किया

# बंधकों की वापसी में जुटा इस्राइल, एक तिहाई की मौत की आशंका

एजेंसी, हमास

इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता होने के बाद अब इस्राइली सरकार बंधकों की वापसी की तैयारी कर रही है। हालांकि इस्राइल की सरकार को आशंका है कि बंधकों की वापसी उतनी सुखद नहीं रहेगी, जितनी पिछली बार रही थी। आशंका है कि लंबे समय से बंधक होने की वजह से उनमें से कई बंधक गंभीर बीमारी से जूझ रहे होंगे और उन्हें सामान्य होने में लंबा वक्त लग सकता है। इस्राइल को ये भी आशंका है कि बंधकों में से एक तिहाई की मौत हो चुकी है। इस्राइल की सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय और बंधकों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाला मंच पूर्व में रिहा किए गए बंधकों से बातचीत के आधार पर जानकारी जुटा रहे हैं, ताकि बंधकों के



हालात को समझा जा सके। हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर 2023 को इस्राइल की सीमा में घुसकर हमला किया था, जिसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 के करीब लोगों का अपहरण कर लिया गया था। अपहत लोगों में से कई को पूर्व में रिहा किया जा चुका है, लेकिन अभी भी 100 के करीब बंधक हमास के कब्जे में हैं। हालांकि इनमें से भी एक तिहाई की मौत की आशंका है।

## कैद में रहने के चलते बंधकों में गंभीर बीमारियां होने का खतरा

बंधकों के परिजनों के फोरम की स्वास्थ्य टीम का नेतृत्व करने वाले हागई लेविन ने कहा कि उन्हें लगता है कि सुरंगों में वेंटिलेशन की कमी के कारण बंधकों को दिल और सांस संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इनके अलावा बंधकों में विटामिन की कमी, पोषण की कमी, वजन काफी कम होना, सूरज की रोशनी की कमी के कारण नजर संबंधी समस्याएं, हड्डियों की दिक्कत और मानसिक आघात जैसी समस्याएं होने की आशंका है। यही वजह है कि बंधकों को वापस लौटने के बाद भी लंबे समय तक अस्पतालों में भर्ती रखा जा सकता है। डॉक्टर्स इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कई बंधकों को वापसी के बाद भी स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है और कुछ की जान भी जा सकती है। दरअसल डॉक्टर्स को डर है कि कुछ बंधक रीफीडिंग सिंड्रोम की चपेट में आ सकते हैं, जिसमें कुछ खाद्य पदार्थ या एकदम से बहुत खाना उनकी सेहत के लिए जानलेवा साबित हो सकता है और इसके चलते कुछ की मौत भी हो सकती है।

## डॉक्टर्स की टीमों को दिए गए सख्त निर्देश

युद्धविराम समझौते के तहत रेड क्रॉस की एक टीम बंधकों को गाजा से मिस्त्र लेकर जाएगी। जब बंधक इस्राइली सीमा में प्रवेश करेंगे तो इस्राइली सेना के डॉक्टर्स की एक टीम उन्हें सीमा पर मिलेगी।

# दिल्ली में कांग्रेस ने बना दिया हिन्दू-मुस्लिम का चुनाव

राहुल गांधी की रणनीति यह है कि मुस्लिम वोट केजरीवाल को न जाए। इसके लिए सलमान खुर्शीद ने रणनीति बना कर दी है।

इंडिया गेट से


अजय सेतिया की कलम से



भाजपा को 100 फीसद पता है कि उसे मुस्लिम वोट नहीं मिलेगा। इसलिए वह आठ मुस्लिम बहुल सीटों पर अपना ज्यादा दिमाग नहीं खपा रही। मुस्लिम बहुल सीटों पर वह कांग्रेस और केजरी में वोट बंटने पर निर्भर है। दो बिल्लियों की लड़ाई में जितना फायदा हो सके, हो जाए। योगी आदित्यनाथ यह कमाल उप्र के कुन्दरकी में कर चुके हैं। असम में यह कमाल हेमंत बिस्वा सरमा समागुरी सीट पर कर चुके हैं। देखते हैं, दिल्ली में वह जादू होता है या नहीं। वैसे भले ही कितना कहा जाए कि मुस्लिम कांग्रेस की तरफ लौट आया है। लेकिन, मुस्लिम उसी को वोट देता है, जो भाजपा को हरा सकता हो। राहुल गांधी की रणनीति यह है कि मुस्लिम वोट केजरीवाल को न जाए। इसके लिए सलमान खुर्शीद ने रणनीति बना कर दी है। यह वही सलमान खुर्शीद हैं, जिन्होंने कहा था कि जब बाटला हाउस में बेगुनाह मुस्लिम मारे जा रहे थे, तब सोनिया गांधी रो रही थी। भले ही वे बेगुनाह मुस्लिम नहीं, बल्कि आतंकी थे। अब उन्हीं सलमान खुर्शीद ने राहुल गांधी को समझाया है कि मुसलमानों के सामने जब मस्जिद और इस्लाम की बात आती है तो वह रोटी, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सब भूल जाता है। इसलिए मुसलमानों की दुखती रग पर हाथ रखो और मुसलमानों की दुखती रग यह कि वह इस समय उन जजों से बहुत परेशान हैं, जो मस्जिदों में मूर्तिया ढूंढने के आदेश दे रहे हैं। भले ही सर्वोच्च न्यायालय ने एक बारगी सर्वे पर रोक लगा दी है। लेकिन, यह मामला प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट पर आकर टिका है। सर्वोच्च न्यायालय वर्शिप एक्ट के खिलाफ याचिका की सुनवाई कर रही है। इसी वर्शिप एक्ट में कहा गया था कि 15 अगस्त 1947 को जिस धर्म स्थल की जो स्थिति थी, वही रहनी चाहिए। लेकिन, काशी और संभल में कोर्ट ने इन दोनों मस्जिदों में सर्वे का ऑर्डर दे दिया। काशी और संभल में जो कुछ हुआ, उसे मुसलमान प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट का उल्लंघन मानते हैं। जबकि, दूसरी तरफ हिन्दुओं ने इस क़ानून के खिलाफ ही याचिका लगाई हुई है, क्योंकि यह क़ानून उनके न्याय के अधिकार का उल्लंघन करता है। असदुद्दीन ओवैसी ने इस याचिका के खिलाफ याचिका लगा कर मुसलमानों में अपने नंबर बना लिए है। इसलिए सलमान खुशीद ने राहुल गांधी को ज्ञान दिया कि कांग्रेस भी सर्वोच्च न्यायालय में एक्ट का बचाव करने की याचिका दाखिल करे। सलमान खुर्शीद के ज्ञान के बाद कांग्रेस से इंटरवेंशन याचिका दाखिल कर दी है। अब कांग्रेस केजरीवाल पर भारी पड़ सकती है। क्योंकि, कांग्रेस ने कह दिया है कि मुश्किल की हर घड़ी में कांग्रेस उसके साथ खड़ी रहेगी। लेकिन, फिर वही बात कि मुस्लिम उसे वोट देगा, जो भाजपा को हरा सके। और इसमें कोई शक नहीं कि मुख्य लड़ाई भाजपा तथा आम आदमी पार्टी के बीच है। इसलिए केजरीवाल या तो मुसलमानों को लेकर आश्वस्त हैं कि वह भाजपा को हराने के लिए उसे वोट देगा ही। या वह यह मानकर चल रहे हैं कि मुस्लिम वोट तो मिलने नहीं, हिन्दू वोटों पर ज्यादा ध्यान दो। इसलिए वह लगातार मंदिर-मंदिर घूम रहे। हालांकि, कांग्रेस का सारा दाव मुस्लिम सीटों पर है। इसलिए राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार की शुरुआत सीलमपुर से की। लेकिन, अब उन्हें डर है कि जैसे हरियाणा और महाराष्ट्र में हिन्दू वोटरों ने पासा पलट दिया था। कहीं दिल्ली में भी हिन्दू एकतरफा भाजपा की तरफ न चला जाए। इसलिए राहुल गांधी कुम्भ में स्नान करने जा रहे हैं। मोदी या अमित शाह या योगी के कुम्भ स्नान की उतनी बड़ी खबर नहीं बनेगी, जितनी राहुल गांधी के कुम्भ स्नान की बनेगी। लेकिन, दिल्ली में लड़ाई रेवड़ियों के मुकाबले की बनती जा रही है। तीनों दलों में एक-दूसरे से ज्यादा रेवड़ियां बांटने की होड़ लगी है। यह अरविंद केजरीवाल की राजनीति की सबसे बड़ी जीत है, कि वोटर को बिकाऊ बना दिया है। इसलिए रेवड़ियों का विरोध करने वाली भाजपा भी रेवड़ियों का मुकाबला कर रही है। पहले मोदी ने कहा था कि केजरीवाल की सभी रेवड़ियां बरकरार रहेंगी। अब जेपी नड्डा ने भी यही कहा है। केजरीवाल ने महिलाओं को 2100 रुपए महीने का लॉलीपॉप दिया था तो कांग्रेस ने 2500 का दे दिया था। अब नड्डा ने भी 2500 रुपए महीने का वायदा कर दिया है। साथ में यह भी है कि यह मोदी की गारंटी है और मोदी की गारंटी का मतलब होता है, गारंटी पूरा होने की गारंटी। रेवड़ियां अभी और बंटनी है। महिलाओं और सीनियर सीटिजंस के बाद केजरीवाल ने कॉलेज स्टूडेंट्स पर दांव चला है और उन्हें बसों में फ्री यात्रा का लॉलीपॉप दे दिया है। मोदी को मेट्रो में फ्री यात्रा देने की चिठ्ठी लिख कर भाजपा को अपने जाल में फंसा लिया है। चुनाव घोषणा पत्र को आधा आधा बांटने का केजरीवाल का यह दांव गजब का है। वैसे भावी दिल्ली सरकार की तरफ से वादा करने वाले अरविंद केजरीवाल कौन होते हैं कि अपने हिस्से का आधा पैसा दिल्ली सरकार खर्च करेगी तो आतिशी मार्लेना विद्यार्थियों को टिकट का आधा पैसा अभी से देना शुरू कर दे। वह चुनावी वायदा कर सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को चिठ्ठी लिखना कि केंद्र सरकार अपने हिस्से का आधा पैसा खर्च करे, सिवा नौटंकी के और कुछ नहीं है। केजरीवाल खुद को अगली सरकार का मुख्यमंत्री समझ कर बैठे हैं। जबकि, सर्वोच्च न्यायालय की जमानत शर्तों के अनुसार वह मुख्यमंत्री बन ही नहीं सकते। वह चौथी बार भी रेवड़ियों से ही चुनाव जीतना चाहते हैं। पर रेवड़ियां तो इस बार सभी बांट रहे हैं। जनता तय करेगी कि किस की कमीज ज्यादा सफेद है और किस की कमीज पर शराब के धब्बे लगे हैं।

### कोहरा छाया रहने से दृश्यता काफी कम हो गई

# दिल्ली में घना कोहरा, 47 रेलगाड़ियों के परिचालन में देरी



एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ बाहरी इलाकों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और 47 रेलगाड़ियों के परिचालन में देरी हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से 2.6 डिग्री अधिक है। आईएमडी ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा अधिकतम तापमान करीब 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना व्यक्त की है। भारतीय रेलवे के अनुसार राजधानी में कोहरे के कारण सुबह छह बजे तक 47 रेलगाड़ियां देरी से चल रही थीं। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 247 रहा जो 'खराब' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच वायु एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

संपादकीय

# युद्ध में भारतीयों की मौतें

**रूस**-यूक्रेन युद्ध में केरल के त्रिशूर के बिनिल बाबू की मौत हो गई। विदेश मंत्रालय का कहना है कि रूस यूक्रेन युद्ध में 12 भारतीय नागरिक मारे गए हैं तो वहीं 16 लापता हैं। सवाल यह है कि रूस की ओर से लड़ने के लिए कैसे भारतीय युवा रूस गए थे? क्या भारत सरकार ने इसकी इजाजत दी थी? इनसे भी बड़ा सवाल है कि आखिर ऐसी नौबत क्यों आई कि युवाओं को भाड़े के सैनिक बनने के लिए मजबूर होना पड़ा है? विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के शब्दों पर गौर किया जाए। मंगलवार को एक बयान में उन्होंने कहा, हमें एक भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में पता चला है। वो केरल के रहने वाले थे। उन्हें शायद रूसी सेना में सेवा के लिए भर्ती किया गया था। प्रवक्ता ने 'शायद' शब्द का इस्तेमाल किया है। मतलब उन्हें नहीं पता कि भारत से युवाओं को रूस की ओर से लड़ने के लिए भर्ती किया गया था? रूस की ओर से लड़ने वाले युवाओं का ही सवाल नहीं है, सवाल उनका भी है, जो रोजगार के लिए इस्राइल गए थे। उनमें से कुछ गजा में भी भेजे गए, लेकिन कई युवक वहां गायब हैं और उनका पता नहीं चल रहा। इस्राइल को लेकर भारत मौन है। इस्राइल-हमास संघर्ष के बीच फिलिस्तीनी मजदूरों की जगह भारतीयों को रखने के लिए फैसला इस्राइल ने किया था। क्या आकर्षक रोजगार के अवसरों की आड़ में भारतीय युवकों को फंसाया गया है? शुरूआत में युवाओं को रूस ने गैर-लड़ाकू भूमिका में सेना सहायक के रूप में भर्ती किया, लेकिन बाद में भारतीयों से रूस में अनुबंध पर हस्ताक्षर करने को कहा गया। उन्हें सक्रिय सेना में भेज दिया गया। अब भारत सरकार ने युवाओं की सुरक्षित वापसी की सुविधा देने का वादा किया है। क्या भारत सरकार अपना वादा पूरा करेगी? विदेशी सेनाओं में लड़ने के लिए तैयार हो जाना यह भी दर्शाता है कि अपने देश में रोजगार की कितनी समस्या है? अगर रोजगार की समस्या नहीं होती तो युवा अपना जीवन संकट में नहीं डालते। जो एजेंसियां युवाओं को भाड़े का सैनिक बना कर विदेशों में भेज रही हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। सरकार को भी इसका ध्यान रखना होगा कि युद्धग्रस्त देशों में रोजगार के लिए जाने वाले लोगों को धोखे से सेना में तो नहीं भेजा जा रहा है? केरल के मुख्यमंत्री ने भी कहा है कि ऐसी एजेंसियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, जो युवाओं को दूसरे देशों में लड़ने के लिए भेज रही हैं। क्या भारत सरकार ऐसा करेगी?

**जो एजेंसियां युवाओं को भाड़े का सैनिक बना कर विदेशों में भेज रही हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। कहीं धोखे से तो युवाओं को युद्धग्रस्त देशों में तो नहीं भेजा जा रहा है?**

पाठकवाणी

## बढ़ते अपराध पर लगाना होगा अंकुश

**इन** दिनों चोरी, डकैती, हत्या, अपहरण व छेड़खानी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उपरोक्त कोई भी वारदात होती है, तो सबसे पहले जनता शिकायत लेकर थाने पहुंचती है। लेकिन चंद लापरवाह व भ्रष्ट थानेदारों के कारण पूरी पुलिस महकमा बदनाम होती है। इसी का नतीजा है कि जनता का विश्वास प्रशासन से उठता जा रहा है, जो दुर्भाग्य की बात है। अपराध पर अंकुश के लिए मैं डीजीपी को कुछ सुझाव देना चाहता हूं। थानेदार की सर्वप्रथम कोशिश यह होनी चाहिए कि छोटे-मोटे घरेलू झगड़े को सुलझाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं, ताकि बेवजह कोर्ट का समय बरबाद होने से बच सके। अगर दोनों पक्षों में सुलह नहीं होता है, उस स्थिति में ही एफआइआर दर्ज हो। बैंक चेकबुक की तर्ज पर थाने में एफआइआर डायरी नंबर सहित दी जाए तथा प्रत्येक पेज का ब्योरा लिया जाए। इससे दो फायदे होंगे, पहला कि कोई भी शख्स बैक डेट से एफआइआर दर्ज नहीं करा सकेगा, दूसरा थानेदार भी एफआइआर की प्रति फाड़ कर मामले को रफा-दफा नहीं कर सकेगा। सभी थाने में वरीय अधिकारियों के नेम प्लेट हो, जिसमें उनका मोबाइल नं अंकित रहे, ताकि कोई भी व्यक्ति किसी भी शिकायत के लिए उनसे संपर्क कर सके। सभी थाने में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था की जाये, ताकि वरीय अधिकारियों को बेवजह थाने में न आना पड़े। इस पर विचार किया जाना चाहिए। **-संदीप कुमार**, मधुपुर (झारखंड)

कुछ खास



आरएसएस असल में कर क्या रही है! क्योंकि इनका अपना खुद का इतिहास देशद्रोह के कलंक से रंगा है इसलिए ये नेहरू जी के इतिहास को मिटा देना चाहते हैं। ..इन्हें नहीं पता कि इनकी एड़ियां घिस जाएंगी लेकिन इतिहास अमिट रहेगा!

**-आलोक शर्मा**, कांग्रेस प्रवक्ता

आज का ट्वीट



''कांग्रेस के पास दिल्ली में खोने के लिए कुछ भी नहीं है। अगर कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अपना 12 से 15 प्रतिशत वोट शेयर ले आती है तो अरविंद केजरीवाल आराम से चुनाव हार जाएंगे!''

**-आदेश रावल**

साइबरवर्ल्ड

## सामाजिकता और वैज्ञानिकता

**कुंभः** दार्शनिकता, सामाजिकता, वैज्ञानिकता का संगम! कुंभ मेला भारतीय संस्कृति का एक ऐसा आयोजन है जो दार्शनिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ऐतिहासिक है। यह आयोजन हर 12 वर्षों में भारत के चार स्थानों (प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, और नासिक) पर होता है, जहां गंगा, यमुना, क्षिप्रा और गोदावरी जैसी पवित्र नदियों के तट पर श्रद्धालु एकत्र होते हैं। कुंभ केवल आध्यात्मिक आयोजन नहीं है; यह ज्ञान के दर्शन के विज्ञान का उदघोष, सामाजिकता की स्थापना और खगोलीय परंपराओं और प्राकृतिक चक्रों से सभ्यता के मिलन, मिश्रण और समन्वयन का भी द्योतक है। संवाद और विचारों का संगम-कुंभ ज्ञान, संवाद और वैचारिक मंथन की परंपरा थी। इसकी जड़ें केवल धार्मिक आस्था में नहीं, बल्कि समाज सुधार, वाद-विवाद, और सहिष्णुता में निहित हैं। प्राचीन काल से कुंभ वह मंच रहा है, जहां विभिन्न विचारधाराएं और मत मिलते हैं, टकराते हैं, और परिष्कृत होते हैं। यह केवल तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण, वैचारिक सुधार और ज्ञान के आदान-प्रदान का अवसर है। यह आयोजन हमें सहिष्णुता, तर्क और सामाजिक एकता के महत्व की याद दिलाता है। कुंभ मेले का उल्लेख वैदिक साहित्य, महाकाव्यों, और पुराणों में मिलता है। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने 7वीं शताब्दी में राजा हर्षवर्धन द्वारा आयोजित प्रयागराज के कुंभ का वर्णन किया है, जिसमें विभिन्न धार्मिक समुदायों की उपस्थिति को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। प्राचीन काल से ही यहां विभिन्न विचारधाराओं और मतों के विद्वान एकत्र होते रहे हैं। चीनी यात्री ह्वेनसांग ने राजा हर्षवर्धन के काल में प्रयाग में हुए धार्मिक आयोजन का उल्लेख किया है, जिसमें बौद्ध और सनातनधर्मी दोनों ही भाग लेते थे। ह्वेनसांग लिखते हैं कि सम्राट ने बौद्ध भिक्षुओं और ब्राह्मणों को समान रूप से दान दिया। यह दर्शाता है कि कुम्भ सहिष्णुता और विचारों के आदान-प्रदान का प्रतीक रहा है। कुंभ मेला खगोलीय घटनाओं पर आधारित है। हर 12 वर्षों में बृहस्पति ग्रह के एक विशिष्ट राशि में प्रवेश और सूर्य के एक विशेष स्थान पर रहने के समय यह आयोजन होता है। यह आयोजन खगोल विज्ञान और जलवायु विज्ञान के गहरे ज्ञान का प्रमाण है। **-राजकुमार गुप्ता** की फेसबुक वॉल से

# सर्दी के सितम से नहीं मरते लोग

सामयिक



**शाहीन सबा**

इस समय भी देश के विभिन्न इलाकों में शीतलहर कहर बरपा रही है, जिससे हर साल की तरह देश के विभिन्न इलाकों से लोगों के मरने की खबरें भी आ रही है। अब तक 150 से ज्यादा लोग सर्दी की ठिठुरन से मौत की नींद सो चुके हैं। वैसे इस तरह की खबरें आना कोई नई बात नहीं है। कहीं भूख और कुपोषण से होने वाली मौतें तो कहीं गरीबी और कर्ज के बोझ से त्रस्त किसानों और छोटे कारोबारियों की खुदकुशी के जारी सिलसिले के बीच हर साल ही सर्दी की ठिठुरन, गरम लू के थपेड़ों और बारिश-बाढ़ से भी लोग मरते ही रहते हैं। मौसम की अति के चलते असमय होने वाली ये मौतें हमारे उस भारत की नग्न सच्चाइयां है, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि वह तेजी से विकास कर रहा है और जल्द ही दुनिया की एक आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। यह सच्चाइयां सिर्फ हमारी सरकारों के 'शाइनिंग इंडिया', 'भारत निर्माण' 'न्यू इंडिया' ह्वस्टार्टअप इंडिया', 'स्टैंडअप इंडिया', 'मैक इन इंडिया' जैसे हवा-हवाई कार्यक्रमों और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो जाने जैसे गुलाबी दावों की ही खिल्ली नहीं उड़ाती है, बल्कि व्यवस्था पर काबिज लोगों की नालायकी और संवेदनहीनता को भी उजागर करती हैं।

मौसम की मौजूदा अति भी हमारे लिए कोई नई बात नहीं है। हर कुछ साल के बाद हमारा इससे सामना होता रहता है- कभी सर्दी में, कभी गरमी में तो कभी बारिश में। ज्यादातर भारतीय इस मायने में खुशनसीब हैं कि उन्हें मौसम की विविधताएं देखने को मिलती है। अन्यथा दुनिया में ऐसे कम ही इलाके हैं जहां हर मौसम का मजा लिया जा सके। हर मौसम अपने रौद्र रूप में भी सुंदर होता है, बशर्ते कि उसकी मार से लोगों को बचाने के इंतजामात हो। दुनिया में संभवतः भारत ही ऐसा देश है, जहां हर मौसम की अति होने पर लोगों के मरने की खबरें आने लगती है। लेकिन हकीकत यह है कि लोग मौसम की अति से नहीं मरते हैं, वे मरते है अपनी गरीबी से, अपनी साधनहीनता से और व्यवस्था तंत्र की नाकामी या लापरवाही की वजह से। यूरोप के देशों में सरकारें मौसम की अति का मुकाबला करने के चाकचौबंद इंतजाम करती हैं, इसलिए वहां लोग हर मौसम का तरह-तरह से लुत्फ उठाते हैं। हमारे देश में भी खाया-अघाया तबका ऐसा ही करता है, जिसके पास हर मौसम की अति का सामना करने और उसका लुत्फ उठाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं।



**करोड़ों लोग आज भी फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर या टाट और प्लास्टिक आदि से बनी झोपड़ियों में रात बिताते हैं। बहुत से लोगों के पास तो पहनने को गरम कपड़े या ओढ़ने को रजाई-कंबल तो दूर तापने को सूखी लकड़ियां तक उपलब्ध नहीं है।**

भारत के ज्यादातर हिस्सों में यूरोप जैसी ठंड नहीं पड़ती, लेकिन हमारे यहां जब हिमालय परिवार की पहाड़ियों पर गिरने वाली बर्फ से मैदानी इलाकों में शीतलहर चलती है तो देश के विभिन्न इलाकों में सर्दी की ठिठुरन से होने वाली मौतों के आंकड़ें आने लगते हैं। लेकिन अभी जो शीतलहर जारी है, वह सिर्फ हिमालयी प्रदेशों और गंगा-यमुना के मैदानों तक ही सीमित नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और रेगिस्तानी राजस्थान के साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और सुदूर छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा तक ठंड से ठिठुर रहे हैं। सर्दी के इस सितम से सामान्य जनजीवन बुरी तरह गड़बड़ा गया है। देश के विभिन्न इलाकों से बेघर लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। हालांकि बड़े शहरों से निकलने वाले समाचार पत्रों में अब सर्दी से होने वाली मौतों की खबरों को जगह मिलनी लगभग बंद हो गई है। कुछ साल पहले तक ऐसा नहीं था। तब अखबारों में नियमित खबरें छपती थी और हाई कोर्ट तथा सुप्रीम कोर्ट उन खबरों का संज्ञान लेकर संबंधित राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों से जवाब तलब करते थे, उन्हें साधनहीन लोगों के उचित इंतजाम करने के निर्देश देते थे।

लेकिन अब सरकारों का मीडिया प्रबंधन तंत्र ऐसी खबरों को छपने से रोकने मे सफल होने लगा है। यही वजह है कि अब कुछ गिने-चुने अखबारों में ही सर्दी से लोगों के मरने की खबरें छपती हैं। हकीकत यह है कि अगर समूचे भारत के आंकड़ें इकट्ठे किए जाएं तो हर साल सर्दी से मरने वालों की संख्या हजारों में पहुंचती है। ज्यादातर मौतें बड़े शहरों और महानगरों में होती हैं। जो मरते हैं, उनमें से ज्यादातर बेघर होते हैं। ऐसे लोग काम की तलाश में दूरदराज के इलाकों से अपने ही राज्य में या दूसरे राज्यों के बड़े शहरों या महानगरों में जाते हैं, ताकि मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार के जिंदा रह सकने लायक कुछ कमा सके। इनमे कोई साईकिल रिक्शा चलाते हैं, कोई रेस्तरां और ढाबों में काम करते है तो कोई किसी और काम में लग जाते हैं।

मौसम कोई भी हो, जब भी उसकी अति दरवाजे पर दस्तक देती है तो हमारी सारी व्यवस्थाओं की पोल का पिटारा खुलने लगता है। फिलहाल सर्दी की बात की जाए तो हमेशा की तरह इस बार भी सबसे ज्यादा पोल खुली है पूवार्नुमान लगाने वाले मौसम विभाग की। बारिश का मौसम खत्म होते ही हमें बताया गया था कि इस बार सर्दी कम पड़ेगी। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चर्चाओं के बीच इस भविष्यवाणी पर किसी को भी हैरानी नहीं हुई। लेकिन जैसे ही सर्दी ने अपने तेवर दिखाने शुरू किए तो फिर मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि यह कड़ाके ठंड चंद दिनों की ही मेहमान है, जल्द ही मौजूदा उत्तर पश्चिमी हवाओं का रुख बदलेगा और तापमान सामान्य के करीब पहुंच जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

दरअसल शहरी और अर्द्ध शहरी इलाकों में मौसम की मार से लोगों के मरने के पीछे सबसे बड़ी वजह है शहरी नियोजन में सरकारी तंत्र की अदूरदर्शिता। जब से आवासीय कॉलोनियों की बसाहट के मामले में विकास प्राधिकरणों और गृह निर्माण मंडलों के बजाय निजी भवन निमार्ताओं और कॉलोनाइजरों का दखल बढ़ा है, तब से रोज कमाकर रोज खाने वालों और बेघर लोगों के लिए आवासीय योजनाएं हाशिए पर खिसकती गई हैं।

करोड़ों लोग आज भी फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर या टाट और प्लास्टिक आदि से बनी झोपड़ियों में रात बिताते हैं। बहुत से लोगों के पास तो पहनने को गरम कपड़े या ओढ़ने को रजाई-कंबल तो दूर तापने को सूखी लकड़ियां तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए अदालतें हर साल सरकारों और स्थानीय निकायों को लताड़ती रहती हैं, लेकिन सरकारी तंत्र की मोटी चमड़ी पर ऐसी लताड़ों का कोई असर नहीं होता है। शीतलहर, बाढ़ और भीषण गरमी जैसी प्राकृतिक आपदाएं कोई नई परिघटना नहीं है। यह तो पहले से आती रही है और आती रहेंगी। इन्हें रोका नहीं जा सकता। रोका जा सकता है तो इनसे होने वाली जान-माल की तबाही को, जो सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र की ईमानदार इच्छा शक्ति से ही संभव है। ताजा शीतलहर और उससे होने वाली मौतें हमें बता रही हैं कि जब मौसम के हल्के से विचलन का सामना करने की हमारी तैयारी नहीं है और हमारी व्यवस्थाएं पंगु बनी हुई हैं, तो जब ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौती हमारे सामने होगी तो उसका मुकाबला हम कैसे करेंगे?

अमृतवाणी

## नकली खलीफा

**बगदाद** के व्यापारी अली ख्वाजा ने हज यात्रा पर जाने का निश्चय किया। हज यात्रा से अलग उसके पास एक हजार अशर्फियां थीं, जिन्हें उसने एक घड़े में रखकर ऊपर से जैतून के फल रख दिए और एक परिचित व्यापारी के घर बतौर अमानत रख दिया। सात साल बाद अली हज यात्रा से लौटा और उसने व्यापारी से घड़ा वापस ले लिया। घर जाकर घड़ा खोला, तो उसमें एक भी अशर्फी नहीं मिली। व्यापारी साफ मुकर गया। अली ने बगदाद के खलीफा हारुन-अल-रशीद के दरबार में न्याय की फरियाद की। व्यापारी खलीफा के सामने भी मुकर गया। कोई सबूत नहीं होने पर मामले का हल नहीं निकला। एक दिन खलीफा वेश बदलकर रात में घूम रहे थे। उन्होंने कुछ बच्चों को इसी मुकदमे का नाटक करते देखा। उनमें से एक खलीफा, एक अली और एक व्यापारी बना था। नकली खलीफा के हुक्म पर व्यापारी को बुलाया गया। बालक व्यापारी से पूछा गया कि घड़े के जैतून कितने पुराने हैं। बालक व्यापारी ने सूंघकर बताया कि 'ज्यादा-से-ज्यादा एक साल पुराने हैं।' बालक खलीफा ने कहा, 'अली तो सात साल पहले हज पर गया था। इसका मतलब कि तुमने अशर्फियां निकलकर उसमें ताजे जैतून भर दिए!' यह सुनकर खलीफा हारुन-अल-रशीद की आंखें खुल गईं। उन्होंने घड़े के जैतूनों की जांच कराई तो वे वाकई ताजे निकले। इस प्रकार अली ख्वाजा को न्याय मिल गया। नकली खलीफा बालक आगे जाकर बड़ा न्यायाधिकारी बना।



तीखी नजर

## पलटेंगे कि नहीं पलटेंगे?



मनीष कुमार चौधरी

**क्या** खूब जलवा है। जनाब अभी पलटे भी नहीं हैं और देशभर में उनके पलटने की चर्चा है कि महाशय पलटेंगे कि नहीं। पलटेंगे तो कब पलटेंगे...किसके पक्ष में पलटेंगे...पलटने का अंदाज क्या होगा...यदि अभी पलट जाएंगे तो फिर भविष्य में कब पलटेंगे...और पलटेंगे तो कितना पलटेंगे...थोड़ा-सा पलटेंगे या पूरे ही पलट जाएंगे...पलटने की हद क्या होगी...क्या राज्य के लिए ही पलटेंगे या देश की राजनीति को हिलाने के लिए पलटेंगे...। पलटने से पहले ही पलटू की कुंडली खंगाली जा रही है कि पिछली बार कब-कब पलटे थे। पलटने या न पलटने का राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका भी भरपूर विश्लेषण हो रहा है।

जिन-जिनके पक्ष में पलटी मार सकते हैं, उनसे भी पूछा जा रहा है कि भैया पलटू जी पलटी मारने के जो संकेत दे रहे हैं, कहीं उनका इशारा आपकी तरफ तो नहीं...। सत्ता के गलियारों से लेकर अखबारों-चैनलों के गलियारों में हर कोई किसी से आता-जाता पूछ रहा है कि पलटू जी कब पलटेंगे? भविष्यवाणियों की बहार है कि पलटू जी पलटने के लिए कौनसा समय चुनेंगे। तारीख-हफ्ते-महीने...पर भी कयास लगाए जा रहे हैं कि फलां-फलां दिन पलटी मार सकते हैं। ऐसा हो भी क्यों ना! पलटने के उनके गौरवशाली इतिहास को देखते हुए उनकी हर अदा पर शक-ओ-शुब्हा स्वाभाविक है। पलटने के मामले में उनकी गुडविल इतनी धमाकेदार है कि जल्द ही वे सट्टा बाजार की सुर्खियों का हिस्सा बन सकते हैं। उनके पलटने या नहीं पलटने पर दांव लगाए जा सकते हैं। मामला इतना संगीन हो चला है कि पलटू जी किसी को हैप्पी बर्थडे भी बोल दें या किसी के गमी होने पर दो शब्द शोक के भी प्रकट कर दें तो लगने लगता है कि वे उनके पक्ष में अब पलटे कि तब पलटे। इस फील्ड उनका रिकॉर्ड इतना हैरतअंगेज है कि वे कितना भी कह दें कि नहीं पलट रहे, कोई विश्वास ही नहीं करता। औरों की छोड़ो, उन्हें खुद पर विश्वास नहीं कि वे पलटेंगे या नहीं।

जो भी हो, राजनीति के ऐसे पलटूरामों की बात निराली होती है। ये इतने गजब के पलटू होते हैं कि इधर आप उनसे बात करके दो हाथ पलटे होते हैं, उधर वे पलटने की मुद्रा में आ जाते हैं। अभी-अभी जिसकी सौ बुराइयां आपको गिना कर गए हैं, उसी की ओर पलट जाते हैं। राजनीति के ये आदतन पलटू सीधे-सीधे एक दिशा में चल ही नहीं सकते। उन्हें थोड़ी-थोड़ी देर में पलटी मारने का कीड़ा काटता है। जब तक वे पलटी न मार लें, उन्हें चैन नहीं आता। कभी-कभी तो वे उन पलटू बच्चों की तरह हरकतें करने लगते हैं, जो अपना फायदा देखकर कभी मां की साइड लेने लगते हैं, कभी बाप से ऐसे घुलने-मिलने लगेंगे, मानो उससे अच्छा बाप इस दुनिया में कोई नहीं है। यानी गंगा गए तो गंगादास, जमुना गए तो जमुनादास...। तो इस समय देश का सबसे बड़ा मौजूं सवाल यही है कि राजनीति के ये पलटूराम जी पलटेंगे कि नहीं...! आपका क्या ख्याल है।

नजरिया

# पांचवीं अर्थव्यवस्था का मिथक और महंगाई



राम जन्म पाठक

**क्या** भारत सचमुच पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है? अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी टोली के बड़बोले दावों पर यकीन करें तो ,हां। मगर, अर्थशास्त्री कुछ और ही बात करते हैं। भारत के मशहूर अर्थशास्त्री अरुण कुमार का मानना है कि भारत अब भी दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था बनने के लिए संघर्ष कर रहा है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के पति और अर्थशास्त्री परकला प्रभाकर ने कड़ा प्रश्न उठाते हुए पूछा है कि ब्रिटेन जब पांचवी अर्थव्यवस्था था तो तीन दशक पहले ही विकसित हो गया था। ऐसा क्यों है कि पांचवीं अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत 2047 में 'विकसित भारत' बनेगा। इससे जाहिर होता है कि भारत सरकार के दावे फिलहाल किताबी हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की बदहाली का नमूना कहीं देखना हो तो हमें रोजाना की मुद्रास्फीति देखकर हो जाती है। पूरी दुनिया में भारत के रुपए की हालत खस्ता है।

महंगाई कितने चरम पर है और रुपए की क्रयशक्ति भारत के अंदर से किस कदर गिर गई है, इसे जानने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा इसी हफ्ते जारी रिपोर्ट को देखना काफी होगा। रिपोर्ट बताती है कि भारत की खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में 5.5 प्रतिशत से दिसंबर में 4 महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आ गई थी, जिसमें खाद्य मुद्रास्फीति नवंबर में 9.04 प्रतिशत से घटकर पिछले महीने 8.4 प्रतिशत हो गई थी। नवंबर में 4.9 प्रतिशत की तुलना में शहरी निवासियों के लिए दिसंबर में कुल उपभोक्ता मूल्य 4.6 प्रतिशत अधिक रहा, जबकि ग्रामीण उपभोक्ताओं को 5.8 प्रतिशत की भारी कीमत का सामना करना पड़ा। नवंबर में दर्ज 5.95 प्रतिशत से थोड़ा नीचे। दिसंबर के मुद्रास्फीति के साथ, भारत की उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति 2024-25 की तीसरी तिमाही में औसतन 5.63 प्रतिशत रही। जबकि आरबीआई को इस तिमाही में मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद थी। ताजा अनुमान के हिसाब से फरवरी की मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज कटौती शुरू करने के लिए बहुत कम गुंजाइश है। इसका मार कर्जदारों पर पड़ेगी। दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति भी चार महीने के निचले स्तर पर आ गई थी। घोषणा के दूसरे महीने में अक्टूबर के 15 महीने के उच्च स्तर 10.9 प्रतिशत से विपणन किया गया था। कुछ महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थों जैसे खाद्य तेलों और वसा आदि की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ, जिनकी कीमतें नवंबर के 13.3 प्रतिशत की वृद्धि से 14.6 प्रतिशत की 33 महीने की उच्च तेज रफ्तार से बढ़ीं।

सब्जियों की मुद्रास्फीति नवंबर में 29.3 प्रतिशत से घटकर 26.6 प्रतिशत हो गई, लेकिन मटर और आलू जैसी कुछ वस्तुओं की कीमतों में तेजी से इदाफा हुआ। फलों की कीमतों में नवंबर में 7.7 फीसद के बाद 8.5 प्रतिशत की तेजी आई। अनाज की मुद्रास्फीति दिसंबर में 6.5 प्रतिशत थी, जो इससे पहले 6.9 फीसद थी। नवंबर में दालों की कीमतें 5.4 प्रतिशत के सापेक्ष 3.8 प्रतिशत बढ़ीं, जो दो वर्षों में सबसे धीमी मुद्रास्फीति को चिह्नित करती हैं। अंडे (6.85प्रतिशत) और मीट एंड मछली (5.3 प्रतिशत) जैसे अन्य प्रोटीन स्रोतों ने दिसंबर में उच्च मुद्रास्फीति की शिकार रही। दूध की कीमतें लगभग 2.8 फीसद पर अपरिवर्तित रहीं।

दिसंबर 2024 में देश के स्तर पर वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दिखाने वाली शीर्ष पांच वस्तुएं मटर, आलू, लहसुन, नारियल तेल और फूलगोभी हैं। सांख्यिकी कार्यालय की रिपोर्ट बताती है की मुद्रास्फीति नवंबर में 10.24 प्रतिशत से 9.7 प्रतिशत तक कम हो गई थी, जबकि शिक्षा मुद्रास्फीति 3.9 प्रतिशत पर अपरिवर्तित थी। स्वास्थ्य मुद्रास्फीति कार्यात्मक रूप से बढ़कर दिसंबर में 4.05 प्रतिशत दिखी। 22 राज्यों में से सात, जिनके लिए राषट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने मासिक मुद्रास्फीति दरों की गणना की, ने मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण के लिए केंद्रीय बैंक की ऊपरी सीमा से 6 प्रतिशत से अधिक या उससे अधिक की मूल्य वृद्धि दर्ज की थी। वैसे तो यह सामान्य-ज्ञान है, लेकिन जो लोग नहीं जानते उनके लिए यह बताना जरूरी है कि मुद्रास्फीति और महंगाई में क्या संबंध होता है।




**मुद्रास्फीति का अर्थ है मुद्रा का गिरना यानी मुद्रा की क्रयशक्ति कम होना। इस लिहाज से मुद्रीस्फीति और महंगाई में सीधा संबंध है। मुद्रास्फीति होती है तब आम वस्तुओं से लेकर खास वस्तुओं की कीमतों में इजाफा हो जाता है यानी वे महंगी हो जाती हैं।**

मुद्रास्फीति का अर्थ है मुद्रा का गिरना यानी मुद्रा की क्रयशक्ति कम होना। इस लिहाज से मुद्रीस्फीति और महंगाई में सीधा संबंध है। मुद्रास्फीति होती है तब आम वस्तुओं से लेकर खास वस्तुओं की कीमतों में इजाफा हो जाता है यानी वे महंगी हो जाती हैं। भारत में इन दिनों रुपए की स्थिति कमजोर है। इसका मतलब है कि उसकी क्रयशक्ति कमजोर है। एक रुपए में पहले जितना सामान मिलता था, अब उससे कम सामान मिलेगा। इसी को महंगाई भी कहते हैं। महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीबों पर होता है, क्योंकि उनके पास आवश्यक चीजें खरीदने के लिए भी पैसे नहीं होते। ऐसी स्थित में अक्सर सरकारें टैक्स बढ़ा देती हैं, जिसकी मार मध्यवर्ग पर पड़ती है। अगर भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था है तो मुद्रीस्फीति क्यों हो रही है?

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों से 34 अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार से खेल प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

# मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से चार खिलाड़ी पुरस्कृत

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।



### अर्जुन पुरस्कार से ये हुए सम्मानित

इसके अलावा राष्ट्रपति ने ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अनु रानी (एथलेटिक्स), नीतू (मुक्केबाजी), स्वीटी (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिंह (हॉकी), सुखजीत सिंह (हॉकी), राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा-एथलेटिक्स), जीवांजी दीप्ति (पैरा-एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा-एथलेटिक्स), सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा-एथलेटिक्स), धरमबीर (पैरा-एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा-एथलेटिक्स), एच होकाटो सेमा (पैरा-एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा-एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा-एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन), तुलसीमति मुरुगेसन (पैरा-एथलेटिक्स), नित्या श्रे सुमति सिवन (पैरा-बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा-जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा-निशानेबाजी), रूबीना फ्रांसिस (पैरा-निशानेबाजी), स्वप्निल सुरेश कुसाले (निशानेबाजी), सरबजोत सिंह (निशानेबाजी), अभय सिंह (स्क्वाश), साजन प्रकाश (तैराकी), अमन सहरावत (कुश्ती) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

### सब्र का फल मीठा होता है-मनु

सम्मान समारोह के बाद मनु भाकर ने पीटीआई वीडियो से कहा, 'सब्र का फल मीठा होता है। मेरा यही मानना है। खेलरत्न देश के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से है। मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मेरा साथ दिया।' हरमनप्रीत सिंह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम के कप्तान थे। वह टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### द्रोणाचार्य पुरस्कार

सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग),एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफटाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार

सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### बैसाखियों के सहारे आए मुरलीकांत पेटकर

समारोह में सबसे भावुक पल तब आया जब भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर बैसाखियों के सहारे अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) लेने पहुंचे। अस्सी बरस के युद्ध नायक पेटकर को 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में कमर के नीचे गोली लगी थी। वह मूल रूप से मुक्केबाज थे, लेकिन बाद में पैरा तैराक बने। उन्होंने 1972 पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वह पुरस्कार लेने आये तो तालियां तब तक बजती रहीं जब तक वह वापस अपनी सीट पर आकर नहीं बैठ गए। उनके लिये तालियां बजाने वालों में अभिनेता कार्तिक आर्यन भी थे जिन्होंने उन पर बनी फिल्म 'चंदू चैंपियन' में मुख्य भूमिका निभाई थी। इस मौके पर खेलमंत्री मनसुख मांडविया, संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी भी मौजूद थीं।

---

#### मेहनत से पाया मुकाम : राष्ट्रपति ने किया सम्मानित, दोनों के परिवार में खुशी का माहौल

# मेरठ की बेटियों जेवलिन थ्रोअर अन्नू रानी और धावक प्रीति पाल को मिला अर्जुन अवार्ड

**■ मेरठ**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए शुक्रवार का दिन बेहद ही खास रहा। यहां की दो बेटियों को देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में हुए कार्यक्रम में सम्मानित किया। बहादुरपुर गांव की किसान की बेटी अन्नू रानी और पैरा गेम्स में देश का मान बढ़ाने वाली गंगानगर की प्रीति पाल को अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया है। बेटियों की इस उपल?ध पर दोनों ही परिवारों में खुशी का माहौल है।

बता दें कि बीते साल पेरिस पैरालंपिक में धावक प्रीति पाल ने देश का नाम विश्व पटल पर ला दिया था। उ?होंने महिलाओं की 200 मीटर टी 35 में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। पैरालंपिक और ओलंपिक, दोनों आयोजनों में ट्रैक एंड फील्ड में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट प्रीतिपाल के परिवार का कहना है कि आज का दिन बेहद ही ख़ास है। प्रीति पाल मूल रूप से मुजफ्फरनगर



के हाशिमपुर गांव की रहने वाली हैं। गांव में ही माता-पिता रहते हैं, उनके पिता गांव में दूध की डेयरी चलाते हैं। माता-पिता ने प्रीति और उनके भाई-बहन को मेरठ में दादा-दादी के पास रखकर पढ़ाया। प्रीति ने तमाम परेशानियों को दरकिनार कर खूब मेहनत की। मेरठ के कैलाश प्रकाश स्टेडियम में 2018 में प्रै?टस शुरू की और मेहनत के बल पर खुद ही पहचान बनाई।

प्रीति ने सम्मान के लिए सरकार का आभार जताया। उ?होंने कहा कि अब उम्मीद है कि उ?हें शी?ा ही नौकरी भी मिल जाएगी। प्रीति पाल ने कहा कि वह इस बार अपने मेडल का रंग बदलकर रहेंगी। प्रीति पाल के दादाजी ॠषिपाल सिंह ने कहा वह आज बेहद खुश हैं, बेटियों पर भरोसा करना चाहिए। उ?हें अवसर मिलेंगे तो वह नाम रोशन करती ही हैं। बहादुरपुर की बेटी अन्नू रानी के परिवार में भी खुशी का माहौल है। भाई उपेंद्र चौधरी ने बताया कि माता, पिता और वह खुद राष्ट्रपति भवन गए और बहन को अर्जुन अवार्ड मिलने की खुशी पूरे क्षे?ा को है। अन्नू रानी को अर्जुन अवार्ड मिलने के बाद उनके गांव में लोग परिवार को बधाई देने पहुंच रहे हैं। परिवार में खुशी का माहौल है। अन्नू के भाई ने बताया कि वह शनिवार को ?ार आएंगी। वे गांव के लोगों के साथ मिलकर बहन के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। उ?होंने कहा कि उ?हें उम्मीद है उनकी बहन आगे भी देश के लिए मेडल लाएगी।

गौरतलब है कि एक वक्त था जब अन्नू रानी के पास पर्याप्त संसाधन तक भी नहीं होते थे, लेकिन उ?होंने हिम्मत नहीं हारी। सीमित संसाधनों में खेत में गन्ना फेंककर प्रै?टस की शुरुआत करने वाली अन्नू ने एक के बाद एक कई कीर्तिमान अब तक बनाए हैं, जिसके लिए राष्ट्रपति ने उ?हें अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया है। 3 अ?टूबर 2023 को चाइना में हुए 19वें एशियाई गेम्स में भाला फेंक प्रतियोगिता में अन्नू ने 62.92 मीटर भाला फेंककर सभी को चौंका दिया और भारत को गोल्ड दिलाया था। गौर करने वाली बात यह है कि ऐसा अवसर देश को 72 साल बाद मिला था। उससे पहले कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीता था।

---

#### आस्ट्रेलिया से हार के बाद बीसीसीआई सख्त


# अनुशासन भंग करने पर खिलाड़ियों पर लग सकता है प्रतिबंध

**एजेंसी ■ मुंबई**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम में 'अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल' को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए 10 बिंदुओं वाली नियामावली जारी करते हुए कहा कि इसका पालन नहीं वाले खिलाड़ियों का अनुबंध समाप्त कर उनके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और घरेलू क्रिकेट खेलने पर रोक लगा दी जाएगी।

'पोलिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया' नामक यह नियमावली गुरुवार को खिलाड़ियों को भेज दी गई, इसे पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक की सलाह पर शामिल है। नियमावली में कहा गया है कि दौरे, मैच और अभ्यास के लिए खिलाड़ी अलग से यात्रा नहीं कर सकेंगे। बैठक में कहा गया कि कुछ खिलाड़ी मैच या अभ्यास के लिए टीम बस की जगह अपनी अलग

### 10 बिंदुओं वाली नियामावली की जारी



से वाहन से यात्रा करते हैं, जिससे टीम का अनुशासन भंग होता है। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास सत्रों में ग्रुप के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, जिससे टीम का माहौल खराब होता है। बीसीसीआई ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में मैच या अभ्यास के लिए अलग से यात्रा करनी है तो उन्हें मुख्य कोच या मुख्य चयनकर्ता से पहले से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा उन्हें किसी अभ्यास सत्र में पूरे समय तक रहना होगा, भले ही उनका अभ्यास पहले समाप्त हो जाए। विदेश दौरों पर भी खिलाड़ियों को परिवार के साथ अलग से यात्रा करने की बजाय टीम के साथ ही यात्रा करने का सुझाव दिया गया है, ताकि टीम में अनुशासन और संगठन को बल मिले। इसमें बताया गया है कि अगर कोई सीरीज या दौरा तय समय से पहले समाप्त होने पर भी खिलाड़ी अपने मन से अलग से यात्रा न करें, इससे टीम की एकता प्रभावित होती है।

बीसीसीआई ने कहा है कि 45 दिनों या उससे अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य-साथी और बच्चे (18 वर्ष तक) 14 दिनों से अधिक उनके साथ नहीं रह सकते हैं। खिलाड़ी का परिवार केवल एक बार ही उसके साथ आ सकता है और उनकी यात्रा की व्यवस्था कोच, कप्तान और बीसीसीआई के संचालन महाप्रबंधक की मंजूरी के बाद संबंधित खिलाड़ी को करनी होगी। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने भारत के खराब प्रदर्शन का आकलन करने के लिए समीक्षा बैठक बुलाई थी, जिसकी शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार से हुई, जहां भारत 3-0 से हारा था। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से हार हुई।

---



#### ऑस्ट्रेलियाई ओपन : बोपन्ना-झेंग मिश्रित युगल के दूसरे दौर में

# सबालेंका चौथे दौर में पहुंची, ओसाका ने छोड़ा

**एजेंसी ■ मेलबर्न**

दो बार की गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना विजय अभियान आगे बढ़ाते हुए क्लारा टाउसन को हराकर चौथे दौर में प्रवेश कर लिया, जबकि पेट में चोट के कारण नाओमी ओसाका को कोर्ट छोड़ना पड़ा। सबालेंका ने अपना मुकाबला 7-6, 6-4 से जीता। इस सत्र में यह सबालेंका की लगातार आठवीं और मेलबर्न पार्क पर लगातार 17वीं जीत थी। उन्होंने दस दिन पहले ब्रिसबेन इंटरनेशनल जीता था। भारत के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई।



### बोपन्ना और झेंग की जोड़ी अगले दौर में

पुरूष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट



तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। अब बोपन्ना और झांग का सामना अमेरिका के टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के हुगो निस और आस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक मेडिसन इंगलिस और जैसन कुबर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ यहां फाइनल में पहुंचे थे। वह 2024 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैथ्यू एबडेन के साथ खिताबी जीत के बाद युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। वह 43 वर्ष की उम्र में खिताब जीतने के साथ यह कारनामा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे।

### ज्वेरेव और अल्कारेज भी जीते

पुरूष वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-3, 6-4, 6-4 से मात दी, जबकि तीसरी रैंकिंग वाले कार्लोस अल्कारेज ने नुनो बोर्जेस को 6-2, 6-4, 6-7 , 6-2 से हराया। इससे पहले अमेरिका के टॉमी पॉल ने रॉबर्टो कारबालेस बाएना को 7-6, 6-2, 6-0 से शिकस्त दी।



### पाउला अगले दौर में

एक अन्य मैच में अनास्तासिया पेवलियुचेंकोवा ने लौरा सीजमंड को 6-1, 6-2 से मात दी। सीजमंड ने दूसरे दौर में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन को हराया था। 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बाडोसा ने मार्तो कोस्तियुक को 6-4, 4-6, 6-3 से हराया, जबकि 18वीं वरीयता प्राप्त डोन्ना वेकिच ने 12वीं वरीयता प्राप्त डियाना स्नाइडेर को 7-6, 6-3, 7-5 से मात दी।



### चोटिल ओसाका ऑस्ट्रेलियन ओपन से हुईं बाहर

दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने शुक्रवार को बेलिंडा बेनसिक के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ओपन 2025 के तीसरे राउंड के मैच का पहला सेट 7-6(3) से हारने के बाद पेट की चोट के चलते मैच को बीच में ही छोड़ दिया। जापान की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ओसाका पिछले साल मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में खेल रही थीं। मैच के दौरान ओसाका पहले सेट में 4-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन पेट की चोट से जूझती हुई दिखाई दीं, जिसके बाद 6-5 पर फिजियो को बुलाया गया उसके बाद 7-6 से वह पहला सेट हार गयी।लगातार हो रहे दर्द के कारण 27 वर्षीय ओसाका ने दूसरे सेट की शुरुआत से पहले ही मैदान छोड़ने का फैसला कर लिया।

# ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने इंग्लैंड को 86 रनों से हराया

**एजेंसी ■ होबार्ट**

एश्ली गार्डनर (102) की शतकीय, तालिया मैक्ग्रा (55) और बेथ मूनी (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद अलाना किंग (पांच विकेट) और मेगन शूट (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 86 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला भी 3-0 से जीत ली हैं।

ऑस्ट्रेलिया के 308 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब नहीं रही और उसने 29 के स्कोर पर मैया बाउचियर और हीथर नाइट के विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी नेट साइबर ब्रंट ने टैमी बोमॉन्ट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 89 रनों की साझेदारी हुई। जॉर्जिया वेयरहम ने टैमी बोमॉन्ट (54) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वेयरहम ने इसके बाद हीथर नाइट (61) को अपना शिकार बनाया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक उसका और डेनिएल वायट (35), एमी जोंस (30) और शार्लेट डीन (12) रन बनाकर आउट हुई। अलाना किंग और मेगन शूट ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए इंग्लैंड की पूरी टीम को 42.2 ओवर में 222 रन पर ढ़ेरकर मुकाबला 86रनों और सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये। फीबी लिचफील्ड (15), एलिस पेरी (दो), कप्तान अलिसा हीली (15) और ऐनाबेल सदरलैंड (10) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी एश्ली गार्डनर ने बेथ मूनी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में शार्लेट डीन ने बेथ मूनी (50) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।तालिया मैक्ग्रा ने 45 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए (55) रनों की पारी खेली। अलाना किंग (नौ) रन बनाकर आउट हुई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़्वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)